वर्ष -09, अंक -313, पृष्ठ- 8 मूल्य : 02 रूपये

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज , मंगलवार, 27 फरवरी, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक


Download From Google Play Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### दुनिया को विद्यासागरजी की शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को आचार्य विद्यासागरजी महाराज की भारत के रत्न और सच्चे देशभक्त के रूप में प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दुनिया को उनकी शिक्षाओं का पालन करना चाहिए। मोहन भागवत नागपुर के चिटनिस पार्क में आचार्य विद्यासागरजी महाराज के समाधि महोत्सव के तहत आयोजित विनयांजलि सभा में बोल रहे थे।नागपुर के चिटनिस पार्क में आचार्य विद्यासागरजी महाराज के समाधि महोत्सव के तहत आयोजित विनयांजलि सभा को आरएसएस प्रमुख ने संबोधित किया। भागवत ने आचार्य विद्यासागरजी महाराज की भारत के रत्न और सच्चे देशभक्त के रूप में प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दुनिया को उनकी शिक्षाओं का पालन करना चाहिए। भागवत ने कहा कि श्रद्धेय संत हमेशा देश को इंडिया नहीं भारत कहते थे।कार्यक्रम का आयोजन श्री दिगंबर जैन परवार मंदिर ट्रस्ट एवं सकल जैन समाज द्वारा किया गया था।भागवत ने कहा कि विद्यासागरजी महाराज के दर्शन मात्र से अनगिनत लोगों के जीवन में स्थिरता आ जाती थी। वह वास्तव में एक देशभक्त थे। उन्होंने समय-समय पर



आध्यात्मिकता से लेकर देश के विकास तक विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया और सभी को एक रास्ता दिखाया। दुनिया को उनकी शिक्षाओं का पालन करना चाहिए।भागवत ने कहा कि श्रद्धेय संत हमेशा देश को इंडिया नहीं भारत कहते थे। सकल जैन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. विजय दर्डा ने कहा कि विद्यासागरजी महाराज न केवल एक पूज्य संत थे, बल्कि भगवान के अवतार थे।

## क्या है अमृत भारत स्टेशन योजना और क्या-क्या मिलेंगी सुविधाए लिस्ट में आपके स्टेशन का नाम है या नहीं

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी




ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और भारतीय रेलवे पर 1500 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज की आधारशिला रखी। इन पर करीब 19 हजार करोड़ रुपये की लागत का अनुमान लगाया गया है।रेल मंत्रालय ने अमृत भारत स्टेशन योजना नामक एक नीति पेश की है जिसके तहत देशभर के कुल 1309 रेलवे स्टेशनों का आधुनिक तरीके से पुनर्विकास किया जाना है। इस योजना का उद्देश्य यात्रियों के रेलवे सफर को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना और उनके अनुभव को पहले से कई अधिक बेहतर बनाना है। रेलवे इस दिशा में तेजी से काम कर रहा है।रेल मंत्रालय ने ठअमृत भारत स्टेशनठ योजना नामक एक नीति पेश की है, जिसके तहत देशभर के कुल 1309 रेलवे स्टेशनों का आधुनिक तरीके से पुनर्विकास किया जाना है। इस योजना का उद्देश्य यात्रियों के रेलवे सफर को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना और उनके अनुभव को पहले से कई अधिक बेहतर बनाना है। इस योजना में प्रत्येक स्टेशन की दीर्घकालिक आवश्यकताओं और उसके यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।

## वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हिंदुत्व आइकन वी



डी सावरकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत देश की स्वतंत्रता और अखंडता के प्रति उनके अटूट समर्पण को हमेशा याद रखेगा। हिंदुत्व विचारधारा के अग्रणी समर्थक सावरकर का जन्म 1883 में महाराष्ट्र में हुआ था और 1966 में उनकी मृत्यु हो गई थी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हिंदुत्व आइकन वी डी सावरकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत देश की स्वतंत्रता और अखंडता के प्रति उनके अटूट समर्पण को हमेशा याद रखेगा। हिंदुत्व विचारधारा के अग्रणी समर्थक वी डी सावरकर का जन्म 1883 में महाराष्ट्र में हुआ था और 1966 में उनकी मृत्यु हो गई थी।एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, वीर सावरकर को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि। भारत हमेशा हमारे देश की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए उनकी वीरता और अटूट समर्पण को याद रखेगा। उनका योगदान हमें अपने देश के विकास और समृद्धि के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है। हिंदू महासभा के अग्रणी नेता सावरकर के आदर्श भाजपा के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं।

## ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की 80 हिस्सेदारी भारत तथा विकसित देशों की निर्भरता कम करने की रणनीति

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नई दिल्ली।** खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड ने हाल ही अर्जेंटीना में लिथियम खनन का समझौता किया है। लिथियम खनन के लिए किसी भारतीय कंपनी का यह पहला




विदेशी समझौता है। फिलहाल भारत लगभग 70झ् लिथियम आयात चीन से करता है और ग्लोबल सप्लाई में चीन की हिस्सेदारी 80झ् है। लिथियम ही नहीं, इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले ज्यादातर खनिजों के मामले में यही स्थिति है। इसमें अमेरिका और यूरोप के विकसित देश भी बहुत पीछे हैं। उत्सर्जन कम करने की बाध्यता के कारण सभी देशों को इनकी अहमियत समझ में आने लगी है, इसलिए इन खनिजों की सप्लाई चेन पर नियंत्रण की कोशिशें तेज हो गई हैं। चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में 2022 में मिनरल सिक्युरिटी पार्टनरशिप बना था, जिसका भारत भी हिस्सा है।उत्सर्जन कम करने की बाध्यता के कारण सभी देशों को बैटरी की अहमियत समझ में आने लगी है इसलिए बैटरी बनाने में इस्तेमाल होने वाले खनिजों की सप्लाई चेन पर नियंत्रण की कोशिशें तेज हो गई हैं। चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में 2022 में मिनरल सिक्युरिटी पार्टनरशिप बना था जिसका भारत भी हिस्सा है।दरअसल, हाल के वर्षों तक चली पेट्रोलियम भंडारों पर नियंत्रण की रेस अब 'बैटरी आर्म्स रेस' में बदल गई है। कहा जाता है, 1938 में अमेरिका की स्टैंडर्ड ऑयल कंपनी ने सऊदी अरब में कच्चे तेल का विशाल भंडार खोजा, तो उसके बाद 1945 में अमेरिका के राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट तत्कालीन सऊदी किंग अब्दुल अजीज से मिले और ऊर्जा के नए स्रोत के महत्व के बारे में बताया था।

## डीआरडीओ और महिंद्रा डिफेंस ने मिलकर बनाया

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**पुणे।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और महिंद्रा डिफेंस ने मिलकर पहिएदार बख्तरबंद प्लेटफार्म का उन्नत संस्करण विकसित किया है। पुणे में चल रहे डिफेंस एक्सपो में इसे प्रदर्शित किया गया।रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और महिंद्रा डिफेंस ने मिलकर पहिएदार बख्तरबंद प्लेटफार्म का उन्नत संस्करण विकसित किया है और पुणे में चल रहे डिफेंस एक्सपो में इसे प्रदर्शित भी किया गया। इस पर डीआरडीओ के विज्ञानी नीलेश पटेल ने कहा कि यह दूसरी पीढ़ी का प्लेटफार्म है और ये कई भूमिकाओं को निभाने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा हम इसका सफल परीक्षण कर रहे हैं।डीआरडीओ के विज्ञानी नीलेश पटेल ने कहा, यह दूसरी पीढ़ी का प्लेटफार्म है जो कई भूमिकाओं को निभाने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, परीक्षण सफल रहे हैं।कई मामलों में हम इसकी तुलना अमेरिका के स्ट्राइकर बख्तरबंद वाहनों से कर सकते हैं। डीआरडीओ ने एक्सपो में विभिन्न प्रकार के रॉकेटों का भी प्रदर्शन किया और इसमें पिनाका-मार्क 1 रॉकेट शामिल हैं।इससे पहले एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने पुणे में महाराष्ट्र एमएसएमई डिफेंस एक्सपो का दौरा किया।

## भारत की मांग के बाद कई भारतीयों को रूसी सेना से दी गई छुट्टी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि रूसी सेना में सहायक कर्मियों के रूप में काम कर रहे कई भारतीयों को भारत की मांग के बाद कार्यमुक्त कर दिया गया है। उसने कहा कि भारत रूसी सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में प्रतिबद्ध है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कई भारतीय रूसी सेना में सुरक्षा सहायक के रूप में कार्यरत हैं और उन्हें यूक्रेन के साथ लगती रूस की सीमा के कुछ क्षेत्रों में रूसी



सेना से भारतीय नागरिकों की जल्द कार्यमुक्ति के सभी प्रासंगिक मामलों को रूसी प्राधिकारियों के साथ संपर्क करके आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और वह इन मामलों को ''सर्वोच्च प्राथमिकता'' देता है।भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि रूसी सेना में सहायक कर्मचारी के रूप में काम करने वाले कई भारतीयों को भारत की मांग के बाद छुट्टी दे दी गई है। इसमें कहा गया है कि भारत रूसी सेना से भारतीय नागरिकों की शीघ्र रिहाई के लिए रूसी अधिकारियों के साथ सभी प्रासंगिक मामलों को सैनिकों के साथ लड़ने के लिए भी मजबूर किया गया था।विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''हमने रूसी सेना से कार्यमुक्ति के लिए मदद मांगने वाले भारतीयों के संबंध में मीडिया में कुछ गलत खबरें देखी हैं।'' इसमें कहा गया है, ''मॉस्को में भारतीय दूतावास के ध्यान में लाए गए प्रत्येक ऐसे मामले को रूसी प्राधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया गया है और मंत्रालय के ध्यान में लाए गए मामलों को नयी दिल्ली स्थित रूसी दूतावास के समक्ष उठाया गया है।'

## इंडिगो की फ्लाइट के भोजन कक्ष में मिला कॉकरोच

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नई दिल्ली।** इंडिगो की फ्लाइट में सुरक्षा को लेकर कई बार सवाल उठे हैं। इस बीच अब इंडिगो को नई आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, एक यात्री ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो कॉकरोच मिला, ये वास्तव में भयानक हैं। घटना के जवाब में, इंडिगो ने अपने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने पूरे बेड़े की पूरी तरह से सफाई और कीटाणुरहित करके तत्काल कार्रवाई की है। कंपनी ने कहा कि हम उस





साझा किया है, जिसमें विमान के भोजन क्षेत्र में कॉकरोच दिखाई दे रहे हैं। यात्री ने कहा विमान के भोजन क्षेत्र में कॉकरोच मिला ये वास्तव में भयानक हैं। घटना के जवाब में इंडिगो ने अपने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने पूरे बेड़े की पूरी तरह से सफाई और कीटाणुरहित करके तत्काल कार्रवाई की है। कंपनी ने कहा कि हम उस वीडियो से अवगत हैं जो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है और हमाने तुरंत जहाज पर आवश्यक कार्रवाई की।वीडियो पोस्ट करने वाले यात्री ने एक्स पर लिखा, विमान के भोजन क्षेत्र में वीडियो से अवगत हैं जो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें हमारे एक विमान में एक गंदा कोना दिखा है। हमारे कर्मचारियों ने तुरंत जहाज पर आवश्यक कार्रवाई की। एहतियाती उपाय के रूप में, हमने तुरंत पूरे बेड़े को साफ किया और कीटाणुशोधन प्रक्रियाएं कीं।एक यूजर ने एक्स पर लिखा कि इंडिगो की ओर से बहुत अहंकारी, लचर और गैर-जिम्मेदाराना प्रतिक्रिया हो रही है। डीजीसीए को इस घटना पर ध्यान देना चाहिए और एयरलाइन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## हम ऐसे समाज की रचना करना चाहते हैं जहां सरकार का दखल कम हो

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स 2024 का




ने दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भारत टेक्स-2024 का उद्घाटन किया। यह देश में आयोजित होने वाले अब तक के सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और दर्शना जरदोश भी शामिल हुई।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यानी 26 फरवरी को नई उद्घाटन किया। यह वस्त्र क्षेत्र से जुड़े वैश्विक स्तर के अब तक के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और दर्शना जरदोश भी शामिल हुईं। साथ ही इस कार्यक्रम में 100 से अधिक देश शामिल हुए हैं।भारत टेक्स-2024 का आयोजन 26 फरवरी से 29 फरवरी 2024 तक किया जाएगा।

## पीएम मोदी आज 553 अमृत भारत रेल स्टेशनों की रखेंगे नींव

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नई दिल्ली।**राज्यसभा की 10 सीटों के लिए मंगलवार को होने वाले चुनाव के लिए भाजपा और उसके सहयोगी दलों के विधायकों को मतदान का प्रशिक्षण सोमवार को लोकभवन दौरान 24 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में करीब 1500 सड़कों पर ओवरब्रिज तथा अंडरब्रिज की नींव भी रखेंगे। इन पर करीब साढ़े 21 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद



सभागार में दिया जाएगा। वहीं मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को दिल्ली में आंशिक बादल छाए रहेंगे। इसके अलावा सोमवार रात दिल्ली में कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है।पीएम मोदी आज 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 553 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की नींव रखेंगे। इन पर करीब 19 हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी। पीएम इस केजरीवाल ने आपराधिक मानहानि के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में दस्तक दी है। आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल को भेजे गए समन को लेकर सर्वोच्च अदालत सोमवार को सुनवाई करेगी। यह मामला मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी के एक आपत्तिजनक वीडियो को केजरीवाल के रीट्वीट करने के संबंध में है।

## ब्रिटेन की प्रोफेसर को भारत में नहीं मिली एंट्री कर्नाटक सरकार के न्योते के बावजूद इस कारण जाना पड़ा वापस

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**बेंगलुरु।** ब्रिटेन के वेस्टमिस्टर विश्वविद्यालय में भारतीय मूल की एक प्रोफेसर को भारत में प्रवेश नहीं करने दिया गया। प्रोफेसर को कर्नाटक सरकार ने एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था, जब वह बेंगलुरु हवाई अड्डे पर सरकार की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। कर्नाटक सरकार ने 24 और 25 फरवरी को दो दिवसीय संविधान और राष्ट्रीय एकता सम्मेलन-2024 का आयोजन किया था, जिसमें कौल को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था।कौल ने एक्स पर एक साथ




उतरीं तो उन्हें बाहर नहीं जाने दिया गया और उन्हें वापस भेज दिया गया।लंदन स्थित कश्मीरी पंडित अकादमिक की प्रोफेसर निताशा कौल ने एक्स पर पोस्ट कर दावा किया कि उन्हें बेंगलुरु हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों द्वारा कोई कारण नहीं बताया गया और भारत सरकार से पहले से कोई नोटिस या सूचना नहीं मिली कि उन्हें देश में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में कर्नाटक सरकार की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है।इस संबंध में कर्नाटक कई पोस्ट किए हैं। उन्होंने कहा कि बंगलूरू हवाईअड्डे पर उन्हें आव्रजन अधिकारियों ने रोका और बिना कारण बताए उन्हें वापस लंदन भेज दिया। उन्होंने कहा कि मुझे कर्नाटक सरकार ने सम्मानित प्रतिनिधि के रूप में आमंत्रित किया था, लेकिन केंद्र ने मुझे रोक दिया। मेरे सभी दस्तावेज सही थे। कौल ने कहा कि मुझे कुछ अधिकारियों ने अनौपचारिक रूप से ये संकेत दिया था कि उन्हें भारत में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, क्योंकि उन्होंने पूर्व में आरएसएस की आलोचना की थी।

## दिल्ली में मौसम मारेगा पलटी बारिश को लेकर घ्श्ऊ ने किया

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के पर्वतीय राज्यों में लगातार हो रहे हिमपात अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक



से मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। उत्तराखंड उच्च पर्वतीय इलाकों में कई दिन से हो रही बर्फबारी के कारण ज्यादा इलाकों में तापमान पांच से सात डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। हालांकि, निचले क्षेत्रों में चटख धूप खिल रही है। मगर पहाड़ से मैदान तक सर्द हवाओं ने कंपकंपी बढ़ा दी है।मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को दिल्ली में आंशिक बादल छाए रहेंगे। इसके अलावा सोमवार रात दिल्ली में कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। रविवार को दिल्ली में है। जबकि न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम है।फरवरी के अंतिम सप्ताह में पांच साल बाद पारा छह डिग्री सेल्सियस या इससे कम रहा है। बता दें कि इससे पूर्व वर्ष 2019 में दून में न्यूनतम तापमान फरवरी के अंतिम सप्ताह में इतना कम दर्ज किया गया है। चारधाम समेत ऊंचाई वाले तमाम इलाकों में कई गांव बर्फ से ढक गए हैं और कई स्थानों पर मार्ग अवरुद्ध हैं।पहाड़ों में बर्फबारी का असर दिल्ली में भी दिखाई दिया।

## तटरक्षक महिलाओं को स्थायी कमीशन पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोट

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को भारतीय तटरक्षक की एक महिला अधिकारी की याचिका पर सुनवाई करेगा। इस महिला अफसर ने शार्ट सर्विस कमीशन की योग्य महिला अफसरों को स्थायी कमीशन में स्थान देने की मांग की है। मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में खंडपीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।महिला अफसर ने शार्ट



सर्विस कमीशन की योग्य महिला अफसरों को स्थायी कमीशन में स्थान देने की मांग की है। सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार और भारतीय तटरक्षकों को महिला अफसरों को स्थायी कमीशन मंजूर नहीं करने पर फटकार लगाते हुए कहा था कि इस समुद्री बल ऐसी नीति अपनानी चाहिए जो महिलाओं के लिए न्यायसंगत हो।इससे पहले सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार और भारतीय तटरक्षकों को महिला अफसरों को स्थायी कमीशन मंजूर नहीं करने पर फटकार लगाते हुए कहा था कि इस समुद्री बल ऐसी नीति अपनानी चाहिए जो महिलाओं के लिए न्यायसंगत हो।सार्वोच्चा अदालत भारतीय तटरक्षक अफसर प्रियंका त्यागी की दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में पूछा गया है कि भारतीय तटरक्षक (आइसीजी) ने महिलाओं के लिए स्थायी कमीशन क्यों नहीं बनाया है जबकि नौसेना में है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने में आनाकानी करने पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर तीखी टिप्पणी की थी।

डाक पंजीयन नं. AD -326/2024-2026 - website:www.aadhuniksamachar.com –E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

YouTube आधुनिक समाचार

# व्यासजी तहखाने में जारी रहेगी पूजा अंजुमन इंतिजामिया मसाजिद कमेटी की अपील खारिज

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को अपने एक अहम फैसले में वाराणसी जिला जज के आदेश को सही ठहराते हुए ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी तहखाने में हिंदू पक्ष को मिले पूजा के अधिकार के खिलाफ मुस्लिम पक्ष द्वारा दाखिल याचिका खारिज कर दी। तहखाने में पूजा पहले की तरह जारी रहेगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी के व्यासजी तहखाने में काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को पूजा का अधिकार देने के वारामसी जिला न्यायाधीश के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली अंजुमन इंतिजामिया मसाजिद की अपील खारिज कर दी है। यह आदेश रोहित रंजन अग्रवाल ने सोमवार को दिया। जिला जज ने डीएम वाराणसी को संपत्ति का रिसीवर (देखभाल करने वाला) नियुक्त किया था और 31 जनवरी के आदेश द्वारा उन्होंने ज्ञानवापी के



व्यासजी तहखाने में पूजा की अनुमति दी थी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने इन आदेशों के खिलाफ दोनों अपीलों को खारिज करते हुए कहा कि मामले से जुड़े सभी दस्तावेज़ को देखने और संबंधित पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद न्यायालय को जिला जज वाराणसी के 17 जनवरी के डीएम वाराणसी को संपत्ति के रिसीवर के रूप में नियुक्त करने के साथ व्यासजी तहखाने में पूजा की अनुमति देने वाले 31 जनवरी के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं मिला।

# बारूद मिक्सिंग में लापरवाही भी हो सकती है विस्फोट की वजह

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**प्रयागराज।** पटाखा फैक्ट्री में भारी मात्रा में बारूद स्टोर किया गया था। इसमें सल्फर व फास्फोरस



जैसे अत्यधिक ज्वलनशील केमिकल भी थे। इसके अलावा भारी मात्रा में छोटे-छोटे कंटेनरों में ग्लू भी रखा था। ग्लू का इस्तेमाल पटाखे बनाने में किया जाता है।भरवारी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट का स्पष्ट कारण जनरेटर की चिंगारी है या कुछ और, यह तो विस्तृत जांच से ही सामने आ सकेगा। हालांकि, मौके की स्थतियां और प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद ऐसी आशंका भी जताई जा रही है कि बारूद मिक्सिंग के दौरान विस्फोट हुआ और फिर वहां रखे सल्फर-फास्फोरस के चलते आग भड़क उठी। रही सही कसर छोटे कंटेनरों में रखे ग्लू ने पूरी कर दी जिसके चलते आग ने मिनटों में पूरी फैक्ट्री को चपेट में ले लिया।सूत्रों का कहना है कि पटाखा फैक्ट्री में भारी मात्रा में बारूद स्टोर किया गया था। इसमें सल्फर व फास्फोरस जैसे अत्यधिक ज्वलनशील केमिकल भी थे। इसके अलावा भारी मात्रा में छोटे-छोटे कंटेनरों में ग्लू भी रखा था। ग्लू का इस्तेमाल पटाखे बनाने में किया जाता है। पटाखों के लिए प्लास्टिक पाइप के छोटे-छोटे टुकड़े और भारी मात्रा में कागज, धागे आदि भी स्टोर किए गए थे।पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आशंका जताई जा रही है कि पटाखा बनाने के दौरान बारूद की मिक्सिंग के दौरान ही विस्फोट हुआ। इसके बाद सल्फर-फास्फोरस जैसे केमिकल के चलते ही आग भड़क उठी।इसके बाद भारी मात्रा में रखे ग्लू के चलते आग बहुत तेजी से फैली और देखते ही देखते इसने पूरी फैक्ट्री को चपेट में ले लिया। उधर, प्लास्टिक पाइप के टुकड़ों व कागज भी आग के विकराल रूप लेने का कारण बने।पानी की बौछार पर और भड़की आगविस्फोट के बाद चौतरफा लगी आग पर काबू पाने में घंटों का समय लगने का एक कारण फैक्ट्री में भारी मात्रा में केमिकल स्टोर किया जाना भी रहा। दरअसल मौके पर पहुंचे फायरब्रिगेड कर्मचारियों ने तत्काल पानी की बौछार डालकर आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू की। हालांकि तब तक काफी मात्रा में केमिकल फैक्ट्री में फैल चुका था। इसके बाद आग बुझाने के लिए फोम मंगाया गया। फोम आने के बाद आग बुझाने पर प्रभावी तरीके से काबू पाने का काम शुरू हो सका।विस्फोट के बाद पटाखा फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने में कुल पांच घंटे का समय लगा। इस दौरान सात फायर टेंडरों से लगातार राहत कार्य किया गया।

# यूपीपीएससी गेट के सामने भारी संख्या में फोर्स तैनात

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**प्रयागराज।** सोमवार को महापंचायत 2.0 के लिए जुटे अभ्यर्थियों को यूपीपीएससी के सामने खड़े नहीं होने दिया गया। भोर से ही आयोग के चारों तरफ लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा में पेपर लीक और धांधली का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थी दोबारा परीक्षा कराने की मांग पर अड़े हैं। छात्रों का



पुलिस और आरएफ के जवानों को तैनात कर दिया गया। प्रदर्शन के लिए अभ्यर्थियों को पत्थर गिरजाघर जाने के लिए कहा गया। शुक्रवार को महापंचायत का आयोजन कर अभ्यर्थियों ने आयोग के सभी छह गेट को बंद कर दिया था, जिससे आयोग के तमाम अधिकारी और कर्मचारियों दफ्तर में फंस गए थे। उत्तर प्रदेश आंदोलन कई दिनों से चल रहा है। शुक्रवार को महापंचायत का आयोजन कर अभ्यर्थियों ने आयोग के सभी छह गेट को बंद कर दिया था, जिससे आयोग के तमाम अधिकारी और कर्मचारियों को बाहर निकलने में भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा था। सोमवार को महापंचायत 2.0 की घोषणा की गई थी ।

# आईसीएसई बारहवीं की परीक्षा निरस्त छात्रों को गेट से ही वापस भेजा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**प्रयागराज।** काउंसिल फॉर द इंडिया स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (आईसीएससी) की 12वीं की परीक्षा सोमवार को निरस्त कर दी गई। परीक्षा देने के लिए स्कूल पहुंचे छात्रों गया। परीक्षा को निरस्त करने से संबंधित जानकारी सूचना पट पर भी चस्पा कर दिया गया। परीक्षा निरस्त होने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परीक्षा केंद्रों पर छात्रों और अभिभावकों में चर्चा है कि पेपर



को गेट पर ही रोक दिया गया और उनको वापस घर जाने के लिए कहा गया।काउंसिल फॉर द इंडिया स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (आईसीएससी) की 12वीं की परीक्षा सोमवार को निरस्त कर दी गई। परीक्षा देने के लिए स्कूल पहुंचे छात्रों को गेट पर ही रोक दिया गया और उनको वापस घर जाने के लिए कहा लीक होने के कारण परीक्षा को निरस्त किया गया है। सोमवार को इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान की परीक्षा होनी थी। छात्र जब परीक्षा देने के लिए पहुंचे तो पता चला कि पेपर निरस्त कर दिया गया है। बच्चों को स्कूल गेट के भीतर भी प्रवेश नहीं करने दिया गया और उन्हें वापस घर भेज दिया गया।

# एसआरएन अस्पताल में भर्ती चार मरीजों की हालत बेहद नाजुक

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**प्रयागराज।** भरवारी में पटाखा यहां पर आठ घायलों को भर्ती कराया गया है। घायलों में दो की



फैक्टरी में हुए विस्फोट में झुलसे लोगों को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसमें चार की हालत बेहद नाजुक है। वह नब्बे फीसदी से अधिक जल चुके हैं। चिकित्सकों के मुताबिक उनके बचने की संभावना न के बराबर है। कौशाम्बी जिले के भरवारी में पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट के घायलों का एसआरएन अस्पताल में उपचार चल रहा है। हालत खतरे के बाहर बताई जा रही है। एक की हालत नाजुक होने पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए हैं।शेष घायलों का उपचार चल रहा है। एसआरएन में प्लास्टिक सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. मोहित जैन ने बताया कि हादसे में झुलसे चार मरीज नब्बे फीसदी से अधिक जल चुके हैं। उनकी बचने की संभावना न के बराबर है।

# याचिका खारिज होने से मुस्लिम पक्ष को लगा झटका

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**वाराणसी।** ज्ञानवापी स्थित व्यासजी के तहखाना में पूजापाठ जारी रखने संबंधी इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद वाराणसी के कचहरी परिसर में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हिंदू पक्ष ने खुशी जताई।इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी से संबंधित व्यास जी के तहखाना प्रकरण में हिंदू पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट सीएस वैद्यनाथन व विष्णु शंकर जैन ने बहस की थी। विष्णु शंकर जैन ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले से यह तय हो गया है कि व्यास जी तहखाने में पूजा अर्चना जारी रहेगी। यह फैसला जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने सुनाया। इसके पहले कोर्ट ने 15 फरवरी को दोनों पक्षों की लंबी बहस के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था।


# पटाखा फैक्टरी में धमाके का लाइव फोटो आया सामने ज्वालामुखी विस्फोट जैसा दिख रहा मंजर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**प्रयागराज।** कौशाम्बी जिले के खल्लाबाद कस्बे में पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट का लाइव वीडियो सामने आया है। धमाके के दौरान ही गांव के किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया था। धमाका इतना जबरदस्त था कि जिसे देखकर हर किसी की रूह कांप गई। कारखाने के भीतर जो होंगे उनकी दशा क्या हुई होगी इसका अंदाजा इसे देखकर लगाया जा सका है।ज्वालामुखी विस्फोट के जैसा भयावह विस्फोट और 200 मीटर ऊपर तक उठ रहे ज्वालामुखी के लावा जैसे आग के गोले हर किसी को विचलित करने के लिए काफी हैं। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है आठ लोग बुरी तरह झुलस गए हैं। घायलों की दशा देखकर हर किसी की रूह कांप गई। एसआरएन अस्पताल पहुंचे घायलों के शरीर से मांस के लोथड़े लटकते देखे गए। यह मंजर देखकर हर कोई सिहर गया।भरवारी कस्बे के खल्लाबाद



मोहल्ले में रविवार सुबह पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से मालिक समेत सात लोगों की मौत हो गई। जबकि, आठ मजदूर झुलस गए। घायलों में से सात को प्रयागराज के स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन) और एक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंचे एडीजी जोन भानु भाष्कर ने मामले की विस्तृत जांच के लिए एडिशनल एसपी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है।कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बा निवासी शाहिद अली (35) ने बस्ती से दूर खल्लाबाद मोहल्ले में न्यू रंगोली फायरब्रिगेड नाम से पटाखा फैक्टरी खोल रखी थी। वह रोजाना की तरह रविवार को भी करीब 15 मजदूरों के साथ फैक्टरी में काम करा रहे थे। सुबह तकरीबन 11 बजे अचानक वहां विस्फोट हो गया। तेज धमाके के साथ भीषण आग लग गई।आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने के साथ ही भीतर फंसे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। गंभीर रूप से झुलसे फैक्टरी मालिक समेत 15 मजदूरों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया

आधुनिक
गेस्ट हाउस





- वाटर प्रूफ शेड
- पार्किंग की सुविधा
- मन्दिर की सुविधा
- सी.सी.टीवी.
- छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
- 45000 sq. feet. एरिया
- हरे-भरे वातावरण
- AC कमरा (VIP)

CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710
आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज

## बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** केंद्रीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में चल रहा बेसिक लाइफ सपोर्ट कोर्स सफलता पूर्वक संपन्न हो गया,



सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए बख्शी का तालाब के छठा मील स्थित नागरिक सुरक्षा के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान पर गत 19 फरवरी से छः दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा था। प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों के विभिन्न विभागों से आए अधिकारियो/कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में होमगार्ड विभाग, नगर एवं ग्राम्य नियोजन विभाग, विधिक माप विज्ञान (बांट- माप) विभाग, के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। गत 19 फरवरी से आयोजित बेसिक लाइफ सपोर्ट कोर्स में सहारनपुर के उपनियंत्रक कश्मीर सिंह व राष्ट्रपति पदक से सम्मानित वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा ने अलग अलग विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। केंद्रीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान बख्शी का तालाब की कमांडेंट पीसीएस अधिकारी नीता यादव के दिशा निर्देशन में प्रशिक्षण संपन्न हुआ।प्रशिक्षण के अंतिम दिन आज प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रशिक्षार्थियों को कमांडेंट नीता यादव के हस्ताक्षर युक्त प्रमाणपत्र उपनियंत्रक कश्मीर सिंह और सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा के कर कमलों से प्रदान किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशिक्षक योगेश कुमार भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में होमगार्ड विभाग से आशीष कुमार, सुरजीत सिंह, बाबू राम, सत्तार खान, रामस्वरूप सिंह, रणवीर सिंह, दिलीप सिंह, सुधीर कुमार, विधिक माप विज्ञान (बांट-माप) विभाग से शशांक शुक्ला, अवनीश यादव, नगर एवं ग्राम्य नियोजन विभाग से साजन कंचन, चंद्र भूषण शुक्ला, अनिल कुमार यादव, गोविंद कुमार, ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया।

## दारुल उलूम सहारनपुर को प्रतिबंधित कर सुन्नन अल- नसई पुस्तक को प्रबंधित करे प्रशासनठ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माननीय उच्च न्यायालय त्रिभुवन उपाध्याय हॉल में विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य विषय सुन्नन-अल-नसई पुस्तक में कोटेड गजवा-ए-हिंद का उल्लेख से मांग की गई कि तत्काल दारुल उलूम को प्रतिबंधित कर सुन्नन-अल-नसई पुस्तक के प्रकाशन पर रोक लगाई जाए। विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ जल्द ही इस मुद्दे पर माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में एक जनहित याचिका भी प्रस्तुत करेगा। परिषद का एक



है।जिसका अर्थ भारत पर हमला कर धार्मिक उन्माद पैदा कर इस्लाम में परिवर्तित करना है। गजवा-ए-हिन्द युक्त वाक्य का फतवा दारुल उलूम सहारनपुर की वेबसाइट पर भी है जो खुले तौर पर भारत गणराज्य की संप्रभुता को खुली चुनौती देता है। जो कि विधिक रूप से राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर इसकी घोर भर्त्सना की गई तथा सरकार एवं प्रशासन प्रतिनिधिमंडल शासन एवं प्रशासन से मिलकर ज्ञापन भी प्रस्तुत करेगा। बैठक में प्रमुख रूप से अरविंद मिश्रा संयोजक काशी प्रांत, बृजेश प्रताप सिंह सहसंयोजक, ओमप्रकाश सिंह सहसंयोजक, अखिलेश कुमार शुक्ला, वीरेंद्र सिंह राजभर, विनय पाण्डेय, संदीप शर्मा, राजेश शर्मा, कंचन सरोज, प्रीति पाण्डेय, संजय कुमार सिंह, और अरविंद कुमार भारद्वाज प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त ने मण्डल के जनपदो में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चल रहे परियोजनाओ के प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को दिया दिशा निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** 23 फरवरी 2024- मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने कैम्प कार्यालय सभागार में मण्डल के तीनो जनपदो में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित हर घर नल योजना के कार्य प्रगति बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने परियोजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य समयबद्ध क्रियान्वयन तथा गुणवत्तापूण ढंग से पूर्ण किया जाय ताकि ग्रामीणो को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराकर जल जीवन मिशन के उद्देश्य को पूर्ण किया जा सकें। उन्होने कहा कि यह परियोजना शुद्ध पेयजल बेहतर स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण आधार के दृष्टि से भी इसका विशिष्ट महत्व हैं। मण्डलायुक्त ने जनपद सोनभद्र मीरजापुर व भदोही के नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जिन परियोजनाओं पर भूमि की उपलब्धता न हो पायी हो अथवा उपलब्ध भूमि पर कोई विवाद हो उसे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी उपजिलाधिकारी के साथ बैठक कराते हुये तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करायें। उन्होने यह भी कहा कि कार्य दायी संस्था किसी अन्य विभाग यथा वन विभाग, रेलवे, लोक निर्माण विभाग, सिचाई आदि विभागो से यदि कही एन0ओ0सी0 प्राप्त करने की आवश्यकता हो तो परियोजना का सर्वे कर जहां भी एन0ओ0सी0 की आवश्यकता हो सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर औपचारिकताए पूर्ण कराते हुये एन0ओ0सी0 प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि निर्माणाधीन परियोजना पर मैनपावर बढ़ाते हुये कार्य में तेजी लाये कार्य में लापरवाही अथवा दिये गये समय पर पूर्ण न होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी से कड़ी



कार्यवाही की जायेगी। मण्डलायुक्त ने कहा कि जिन परियोजनाओं में कार्य पूर्ण हो चुका हैं उन परियोजनाओं में गांव में जलापूर्ति करते हुये ग्रामीणो व ग्राम प्रधान से प्रमाण पत्र प्राप्त कर उपलब्ध कराये तभी पूर्ण माना जायेगा। उन्होने अधिशासी अभियन्ता जल जीवन मिशन को निर्देशित करते हुये कहा कि वे अपने स्तर पर भी साप्ताहिक समीक्षा करे तथा सम्बनधित अवर अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता को क्षेत्र में भेजते हुये कार्य प्रगति व गुणवत्ता का भी सत्यापन करें। जनपद सोनभद्र के परासी बेलवादह परियोजना के धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये एल0एन0टी0 कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगाते हुये कहा कि कार्य में तेजी लाये तथा दिये गये निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करते हुये ग्रामीणो से प्रमाण पत्र प्राप्त कर उपलब्ध कराये अन्यथा ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही की जायेगी। अमावा परियोजना को पूर्ण कर टेस्टिंग कार्य पूर्ण बताया गया। समीक्षा के दौरान डबरा पनाली, गुरूमुरा पनाली, चतरा राजा परियोजना को 30 मार्च 2024 तक पूर्ण कराते हुये ग्रामीणो से प्रमाण पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार हर्रा परियोजना 15 मार्च 2024 तक, नगवा परियोजना एवं बटवर परियोजना को मार्च के अन्त पूर्ण करने का निर्देश दिया। जनपद भदोही में कुछ परियोजनाओं पर भूमि चिन्हांकन/सीमांकन न कराये जाने पर अधिशासी अभियन्ता जल जीवन मिशन भदोही को कड़ी फटकार लगाते हुये मुख्य विकास अधिकारी भदोही को निर्देशित किया कि अवशेष आठ गांवो में सीमांकन/चिन्हांकन कार्य 10 मार्च 2024 तक निस्तारित कराये। इसी प्रकार अपग्रेडेशन में 12 प्रकरणो में चार अवशेष प्रकरण को भी निस्तारित कराते हुये सभी का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान डोमनपुर परियोजना ओवर हेड टैंक को 15 दिवस में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि परियोजना निर्माण में कोई भी परेशानी आती है तो उसे जिलाधिकारी अथवा मण्डलीय समीक्षा बैठक में अवश्य अवगत कराया जाय ताकि उसका निस्तारण ससमय किया जा सके।इसी प्रकार जनपद मीरजापुर के परियोजना में कार्यदायी संस्था रम्की बाबा के द्वारा दांती परियोजना, कार्यदायी संस्था एन0सी0सी0 के द्वारा अहुंगी कला तथा महोदव परियोजना, कार्यदायी संस्था मल्टी अर्बन के मानिकपुर, कार्यदायी संस्था जी0ए0 इंफ्रा के महुवारी परियोजना, कार्यदायी संस्था जी0वी0पी0आर0 के लेड़की परियोजना, कार्यदायी मेघा इंजीनियर धावां कठौरा तथ तालर परियोजना के प्रगति कार्य समीक्षा कर बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की गयी। मण्डलायुक्त ने कहा कि जिन गांवो में पानी आपूर्ति की कार्यवाही की जा रही हैं उन ग्रामीणो तथा ग्राम प्रधानो से शत प्रतिशत प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा जनपद मीरजापुर के समस्त परियोजना की जानकारी दी गयी। तत्पश्चात मण्डलायुक्त द्वारा जनपद मीजापुर में चल रहे अमृत योजना कार्य प्रगति की भी विस्तृत जानकारी लेते हुये कार्य को समय से पूर्णता व गुणवत्ता विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में अपर आयुक्त डॉ विश्राम के अलावा अधीक्षण अभियन्ता जल जीवन मिशन व सम्बन्धित विभाग के अधिशासी अभियन्ता व कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहें।

## महिला हिंसा के मामले में दिल्ली पुलिस के लचर रवैए के खिलाफ़ डीसीपी पूर्वी दिल्ली कार्यालय पर सीटू और जनवादी महिला समिति का प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** दिल्ली पुलिस महिला सुरक्षा के लिए ऐप और ऑल वूमेन पीसीआर वैन जैसे कदमों से अपना पीठ थपथपाने में कोई भी कसर नहीं छोड़ती है। परंतु, असल में महिला हिंसा के मामलों में उसका ढीला रवैया इन सभी दावों की कलई खोल देता है।दिल्ली नगर निगम डीबीसी कर्मी तथा यूनियन नेत्री मधुबाला द्वारा अपने पति अरविंद कुमार के खिलाफ़ पूर्वी दिल्ली के तहत आने वाले न्यू अशोक नगर थाने तथा एसीपी व डीसीपी के समक्ष कुल 12 बार मारपीट, शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना की लिखित शिकायत करने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी का नतीजा है कि 20.02.2024 को अरविंद कुमार ने अपने रिश्तेदारों समेत मधुबाला और उसकी बहन के साथ जान से मारने के इरादे के साथ हमला किया। इसके बाद भी मधुबाला के सहकर्मियों तथा यूनियन द्वारा दबाव बनाने के बाद ही न्यू अशोक नगर थाना पुलिस ने एफ.आई.आर. दर्ज की, परंतु इसमें संगीन साजिश पूर्ण अपराध के अनुरूप धारा नहीं जोड़ी गई। दिल्ली पुलिस के इस शर्मनाक आचरण के खिलाफ़ आज दिनांक 24.02.2024 को डीसीपी कार्यालय पूर्वी दिल्ली के समक्ष सीटू और जनवादी महिला समिति द्वारा प्रदर्शन किया गया। डीसीपी महोदय को ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमें निम्न मांगें रखी गई : 1. दिनांक




20.02.2024 में दर्ज एफ.आई.आर. संख्या 0131/2024 में साजिश पूर्ण संगीन अपराध की धारा 307, 308, 354, 509 जोड़ी जाए। साथ अरविंद और अन्य रिश्तेदारों पर घरेलू हिंसा कानून के तहत 498-ए के लिए भी एफ.आई.आर. दर्ज की जाए। 2. मधुबाला को सुरक्षा मुहैया करवाई जाए। जिससे उसके जान माल की सुरक्षा हो सके। 3. न्यू अशोक नगर थाना में यतेन्द्र, आई.ओ, संजय नियोलिया, थानाध्यक्ष द्वारा समय पर उपयुक्त 3 कार्यवाही करने में की गई देरी जिस कारण अरविंद का हौसला बढ़ा और दिनांक 20.02.2024 को जान लेवा हमला हुआ। इन सबके खिलाफ़ विभागीय जांच कर, उनके विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाए। 4. वूमेन सेल, द्वारा समय पर कार्यवाही न करने की भी जांच कर कार्यवाही की जाए। पुलिस न्याय व्यवस्था में आम नागारिकों का विश्वास बना रहे इसके लिए ये कार्यवाही जरूरी है आज के प्रदर्शन को अनुराग सक्सेना, महामंत्री सीटू दिल्ली, वीरेंद्र गौड़, अध्यक्ष, पुष्पेंद्र सिंह सचिव, सीटू पूर्वी दिल्ली, मैमूना मोल्ला, अध्यक्ष, सेहबा फारुकी जनवादी महिला समिति व समिति सदस्य रेखा चौहान, गुड़िया देवी, किरण, सीटू नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा, पूनम देवी, लता सिंह, राम सागर, जेपी शुक्ला, जी एस तिवारी, सुनन्द, ईश्वर त्यागी आदि ने उपस्थित प्रदर्शन करियों को संबोधित किया पुलिस की अपराधी को बचाने में मिली भगत पर आक्रोश प्रकट किया। अ्ञ्झ् अपूर्व गुप्ता अपराध अनुरूप आई पी सी की धारा लगाने को कहा। अ्ञ्झ् ने मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष हारून अहमद को घरेलू हिंसा कानून के तहत 498-ए में मुकदमा दर्ज करने को कहा। बाकी धारा जिनकी हमने मांग रखी उस पर उन्होंने एम एल सी में डॉक्टर की रिपोर्ट आने पर कार्यवाही करने को कहा। वक्ताओं ने कहा कि जब तक मधुबाला को न्याय नहीं मिलता तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हमारे लिए यह केवल एक मामला भर नहीं है, जिस तरह राजधानी दिल्ली में बड़ी संख्या में महिलाएं घरों से बाहर तमाम तरह की चुनौतियों का सामना करते हुए काम कर रही हैं, उनके लिए घरों के अंदर तथा बाहर सुरक्षा का सवाल एक बड़ा सवाल है। ऐसे में पुलिस और प्रशासन का यह लचर रवैया कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा नोएडा महानगर ने युवा चौपाल का किया आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** नोएडा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल के स्वर्णिम 10 वर्ष पूर्ण




हो रहे हैं इस अवसर पर युवाओं को भाजपा से जोड़ने के लिए प्रदेश भर में ग्राम पंचायत स्तर पर युवा चौपाल कार्यक्रम करने जा रहा है भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष माननीय भूपेंद्र सिंह चौधरी जी प्रदेश महामंत्री (संगठन )माननीय धर्मपाल सिंह जी के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा ने निर्णय लिया है कि पूरे प्रदेश में 24 फरवरी से 5 मार्च 2024 तक प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर पर 35000 से ज्यादा स्थानों पर युवा चौपाल के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे युवा चौपाल मे 18 वर्ष से 35 वर्ष के 20 लाख युवाओं को जोड़ा जाएगा । युवा चौपाल के कुशल क्रियान्वयन के लिए प्रदेश भर के प्रत्येक मंडल में एक विस्तारक की योजना की गई है प्रत्येक कार्यक्रम में कम से कम 50 युवाओं की उपस्थिति रहेगी। युवा चौपाल में माननीय विधायक जी अपनी सांसद जी जिला अध्यक्ष जी भी उपस्थित रहेंगे नोएडा महानगर में ऑटो मंडलों में विस्तार को की योजना बनाई गई है और मंडल कार्यशाला करके युवा चौपाल कार्यक्रमों के स्थान चिन्हित किए गए हैं। युवा मोर्चा नोएडा महानगर सभी आठ मंडलों में 20-20 युवा चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन करेगा ।युवा चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से युवा मोर्चा आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 10 वर्षों के स्वर्णिम कार्यकाल की उपलब्धियां से युवाओं को अवगत कराएग प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश भाजयुमो सह कोसाध्यक्ष नरेंद् भाटी उपस्थित रहे , प्रेस कांफ्रेंस मे भाजयुमो जिला अध्यक्ष राम निवास यादव, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी अर्पित मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष नवीन मिश्रा, मंडल संयोजक शिवम पाठक, देवेश मिश्रा उपस्थित रहे।




## जंगल में मिला युवती का शव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**सोनभद्र के महुआंव कला गांव के पहाड़ी इलाके में गांव वाले अपने पशुओं को चराने गए थे। वहां आ रही दुर्गंध का कारण पता करने लगे तो ग्रामीणों को युवती की लाश मिल गई। कीड़े पड़ चुके लाश की सूचना पर चोपन पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन शिनाख्त में कोई सफलता नहीं मिली।सोनभद्र के चोपन थाना अंतर्गत महुआंव कला गांव के जंगल में शनिवार को एक युवती का शव पाया गया। शव से दुर्गंध उठ रही थी और चेहरा भी क्षत-विक्षत था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दिया है। शव को शिनाख्त के लिए जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखा गया है। मौत के कारणों के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।




## आयुष मंत्री डॉ.दयाशंकर मिश्र दयालु जनपद मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव कार्यालय का करेंगे उद्घाटन



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
वाराणसी। आयुष एवम खाद्य सुरक्षा मंत्री डॉ.दयाशंकर मिश्र ठदयालुठ दिनांक 24 फरवरी को सड़क मार्ग द्वारा वाराणसी से चलकर सोनभद्र होते हुए मिर्जापुर पहुंचेंगे। मिर्जापुर पहुंचने पर आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु बतौर क्लस्टर प्रभारी धौरूपुर,थाना कोतवाली देहात स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। तत्पश्चात जनपद लखनऊ के लिए रवाना होंगे।उक्त जानकारी आयुष मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी ने दी।

# शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता, जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयवद्ध ढंग से होना आवश्यक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** 24 फरवरी 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के अनुपालन में मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में आई0जी0आर0एस0 की बैठक कर प्रगति के बारे में जानकारी ली गयी। मुख्य राजस्व अधिकारी ने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयवद्ध ढंग से होना चाहिए। उन्होने कहा कि कहा कि लोगों की सहूलियत के लिए सरकार की ओर से आइ0जी0आर0एस0 सिस्टम लागू किया गया है। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी ने सभी विभागध्यक्षो को निर्देशित करते हुये पोर्टल अपलोड करने पहले गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हुआ है अथवा इसका परीक्षण करने के उपरान्त ही आख्या अपलोड की जाये। उन्होने कहा कि हाथ से लिखी आख्या अपलोड करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि आख्या निस्तारण करने से पूर्व यदि भूमि पर अवैध कब्जा, जमीन विवाद, पट्टा आवंटन आदि में अधिकारी स्थल पर पहुंचकर दोनो पक्षो को बुलाकर मौके पर निस्तारित करते हुये जी0पी0एस0 फोटोयुक्त आख्या पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि पोर्टल पर जिन अधिकारियों का नाम व मोबाइल नम्बर अपलोड नही है तत्काल अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें, यह भी कहा कि अधिकारी कि अपलोड की जाने वाली आख्या राजपत्रित अधिकारी से हस्ताक्षर कराकर ही अपलोड किया जाय। उन्होने कहा कि जन निगम ग्रामीण के द्वारा 22 आख्याओं में शासन द्वारा स्तर फीडबैक लिये जाने पर असंतोष व्यक्त किया गया जिस कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये अधिशासी अभियन्ता जल निगम सहित सभी अधिकारियों को निर्देशित कि आख्या गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक होनी चाहिये। उन्होने कहा कि ई डिस्ट्रिक मैनेजर द्वारा आई0जी0आर0एस0 के सम्बन्ध में दूरभाष पर वार्ता करने अधिकारी उसका संज्ञान लेते हुये त्वरित कार्यवाही करे अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि जिन विभागाध्यक्षो के का डिजिटल सिगनेचर नही वे बनवाना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह, उप जिलाधिकारी लालगंज भरत लाल सरोज, मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी चुनार, उप जिलाधिकारी सदर, प्रभागीय वनाधिकारी अरवन्दि राज मिश्र, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।



# एडीएम वि०/ रा० ने रानी कर्णावती स्कूल को देखकर प्रधानाध्यापिका मधुरिमा तिवारी को किया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ला के रानीकर्णावती स्कूल आगमन पर विद्यालय का वातावरण स्वच्छता, सुंदरता आधुनिक शिक्षण कक्ष , लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष,किचेन गार्डन, विद्यालय की बागवानी देखकर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधुरिमा तिवारी की सराहना की । उनके कार्यों एवम विद्यालय के प्रति समर्पण मेहनत लगन समर्पण एवम इस वर्ष राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने सम्मानित भी किया। मधुरिमा तिवारा द्वारा बालिका शिक्षा ,सिलाई कढ़ाई, कंप्यूटर की अतिरिक्त कक्षा संचालन की जानकारी प्राप्त की अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि मधुरिमा हमारे जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में शिक्षा विभाग के लिए प्रेरणा स्रोत है।भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर खण्ड शिक्षाधिकारी मुकेश कुमार एवम विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।




# निःशुल्क निदान कैंप का आयोजन 200 मरीज का हुआ इलाज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**-आधुनिक जीवन की भाग दौड़, बढ़ती उम्र, खान पान की कमी के कारण आज लोगों में घुटनों एवं जोड़ो को का दर्द आम बात है इस रोग को मददे नजर रखते हुए जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के रामलीला मैदान के हाल में आई वी शाह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेल्वी हॉस्पिटल अहमदाबाद एवं अग्रसेन परिवार सोनभद्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित घुटनों एवं जोड़ों के दर्द के लिए आयोजित निशुल्क निदान कैंप मे विश्व प्रसिद्ध आर्थोपेडिक चिकित्सक डॉ विक्रम शाह, डॉक्टर वीरल गोडलिया, अमृत सिंह, डॉ रंजन पटेरिया (जोड़ रोग विशेषज्ञ) द्वारा 200 मरीज को निशुल्क परामर्श, दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम के आयोजक अग्रसेन परिवार सोनभद्र के सतपाल जैन, धर्मराज जैन, पवन जैन, रामनिवास अग्रवाल संजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल अमित जैन, अमित जैन, हर्ष अग्रवाल, पुनीत जैन, रामेश्वर जैन शाहिद अग्रसेन परिवार के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से चयनित एक एक निपुण विधालय को मिला प्रमाण पत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में दिव्यांग बच्चो के कायाकल्पित आवासीय भवन के लोकार्पण व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निरीक्षण एवं छात्राओ से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असीम अरुण राज्यमंत्री : समाज कल्याण ) सहित माननीय सांसद श्री पकौड़ी लाल संजीव गोंड (समाज कल्याण मंत्री) , जिलाधिकारी , मुख्य विकास अधिकारी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री एवं उपस्थित अथितियो द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन एवं माल्यार्पण से किया गया । इस आयोजन में अतिथियों द्वारा कायाकल्पित आवासीय भवन का लोकार्पण कार्य भी संपन्न हुआ।कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय की बच्चियों द्वारा सुंदर स्वागत गीत ,हिंत्वेप् इ्दास् व राम आएंगे के बोल पर स्वागत नृत्य की प्रस्तुति की गई। संवाद कार्यक्रम में छात्राओ द्वारा माननीय मंत्री महोदय से उनके प्रेरणादायी जीवन के मूल मंत्र संबंधित प्रश्नों के भावपूर्ण उत्तर प्राप्त किए गए।इस आयोजन में जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से चयनित एक एक निपुण विधालय को प्रमाण पत्र भी वितरित किया। इस मौके पर अपर जिला सूचना अधिकारी विनय सिंह ,समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव , डीपीआरओ , उप शिक्षा निदेशक/ डायट प्राचार्य प्रकाश सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ,ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत रॉबर्ट्सगंज निखिल कुमार अध् पंचायत सहित शिक्षा विभाग के ऐंउ त्रय व कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन प्रभारी वंदना देवी,पूर्ण कालिक शिक्षिका प्रियंका सिंह , बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक शिक्षिकाओं, मीडिया व पत्रकार बंधुओ सहित सैकड़ो छात्राओं ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का सफल सुंदर संचालन शिक्षक आनंद त्रिपाठी द्वारा किया गया निपुण विद्यालय पुरस्कार प्राप्त विद्यालयों में प्राथमिक विद्यालय इस्लामिया(रावटसगंज ),प्राथमिक विद्यालय कर्री (दुद्धी ),कंपोजिट विद्यालय सेहुआ (चतरा) , प्राथमिक विद्यालय कठपुरवा (घोरावल), प्राथमिक विद्यालय मिश्री (कोन), प्राथमिक विद्यालय अजनगिरा (म्योरपुर), प्राथमिक विद्यालय नवाटोला 3 (बभनी )प्राथमिक विद्यालय सांडसोत (नगवां), कंपोजिट विद्यालय पापी (करमा), प्राथमिक विद्यालय ओबरा (चोपन) को निपुण चयनित विद्यालय होने के उपलक्ष्य में बधाइयां एवं शुभकामनाएं.।



# मुख्य विकास अधिकारी ने भू गर्भ जल एवं जिला पर्यावरण समिति /जिला गंगा समिति की बैठक कर की समीक्षा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** मीरजापुर 23 फरवरी 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला भू गर्भ जल प्रबन्धन परिषद के अलावा जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक आहूत की गयी। भू गर्भ एवं जल प्रबन्धन के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनो पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी सदस्यो से विस्तृत चर्चा करते हुये आवेदनो का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी भू गर्भ जल प्रबन्धन को निर्देशित किया गया कि सभी विभागो से समन्वय स्थापित करते हुये अधिनियम के विषय पर व्यापक प्रचार कराया जाय। जिला पर्यावरण समिति की बैठक में वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2024-25 पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ तथा शासन के निर्देश के क्रम में 2022-23 एवं 2023-24 में कराये गये 35 करोड़ वृक्षारोपण अभियान पर चर्चा करते हुये प्रगति की सूचना निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। यह भी निर्देशित किया गया।



# सब स्टेशन पसही सोनभद्र के जेई साहब का ऑडियो हुआ वायरल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जेई साहब का बिना रिश्वत लिए नहीं भरता पेट जेई साहब के द्वारा लाइनमैन से कनेक्शन के नाम पर पैसे लेने की बात करते हुए का ऑडियो हुआ वायरल 40 मीटर से भी दूरी का दे देते हैं रिश्वत लेकर कनेक्शन माननीय मुख्यमंत्री महोदय के आदेशों का नहीं है कोई डर है खुलेआम मानकों की उड़ाई जा रही धज्जियां मानो जेई साहब के लिए एक अलग कानून बनाई गई हो।

# मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज, महुवरिया मीरजापुर में आयोजित किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न विकास खण्ड के कुल 377 जोड़ों का सामूहिक विवाह सकुषल सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल, मा0 विधायक छानबे श्रीमती रिंकी कोल, श्री विशाल कुमार मुख्य विकास अधिकारी, जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द, मा0 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्री श्याम सुन्दर केशरी ने दीप प्रज्जवजित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार ने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेष सरकार आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के उत्थान एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं सरकार द्वारा आर्थिक रूप से गरीब परिवारों, बेसहरा व्यक्तियों के बहुत सी कल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत ऐसे माता-पिता जो आर्थिक रूप से अपनी पुत्री की शादी करने में सक्षम नहीं है, वह सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर अपनी पुत्रियों की शादी करा पा रहे है। साथ ही मा0 मुख्यमंत्री जी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित करने के लिये आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना को सकुषल सम्पन्न कराये जाने के लिये शुभकामनायें भी दी। मा0 केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल विभिन्न विकास खण्डो से आए हुए नव दंपतियों को बधाई देते हुए कहा कि कि आज के इस पावन अवसर पर सिटी विकासखंड से 49, छानबे से 27, पटेहरा कला में 70, लालगंज से 87, कोन से 14 हलिया के 126 एवं नगर पालिका परिषद मीरजापुर के 04 कुल मिलाकर 377 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा उन्होंने कहा कि आए हुए नव दंपतियों के परिवार रिश्तेदारों तथा सभी जनपद वासियों को हृदय से अभिनंदन करती हूं। उन्होंने जोड़ों के परिवार को बहुत सारी बधाई और शुभकामनाएं तथा जिला प्रशासन व समाज कल्याण विभाग का बहुत-बहुत अभिनंदन क्योंकि जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बहुत अच्छा और सराहनीय कार्य हो रहा है। मा0 केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक आयोजनों में परिणय सूत्र में बधंने वालों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और यह अपने आप में दर्शाता है कि जिला प्रशासन बड़ी सजगता व कुशलता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन आप सभी लोगों के लिए यादगार क्षण है क्योंकि प्रत्येक परिवार के माता-पिता की इच्छा होती है कि वह अपनी संतान का जीवन के सबसे बड़े मोड और उनका सबसे बड़ा दायित्व है कि उनका विवाह बहुत ही बेहतर ढंग से संपन्न हो आप सबके उस सपने को पूर्ण करने के में उत्तर प्रदेश सरकार मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में अपना शत प्रतिशत योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एक अत्यंत कल्याणकारी योजना है और सरकार की दूर दृष्टि को झलकाती है तथा यह भी बताती है कि सरकार के सभी प्रयास उसके केन्द्रो में सदैव गरीबों का कल्याण ही सर्वोपरि रहता है और गरीब परिवारों के लिए यह बड़ा दायित्व है वह उनकी संतान के विवाह का है यह उनकी सबसे बड़ी चिंता का सबब भी होती है। उन्होंने कहा कि एक गरीब माता-पिता को सर्वाधिक यदि कोई चिंता सताती है तो वह उनके बेटा बेटियों की शादी को लेकर होती है कि धन के अभाव में कैसे इतने बड़े दायित्व का निर्वहन होगा, सरकार ने हमारे गरीब परिवारों की इस पीड़ा को समझा है और सरकार भी संवेदनशील सील है कि हम एक ऐसी योजना लेकर आए और जो सीधे गरीब माता-पिता की आंखों पलने वाले सपने को पूर्ण करती है इस योजना के तहत पूरे उत्तर प्रदेश में लाखों करोड़ों गरीब नवयुवक युवतियो का कल्याण हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रति जोड़ा 51000 रूपये खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रुपए 35000 सीधे वधू के बैंक खाते में भेजा जाएगा तथा रूपये 6000 खाने-पीने, सजावट ,आने-जाने एवं शेष राशि का सामान दिया जा रहा है जिससे कि जीवन की इस नई यात्रा को अत्यंत सुखद हो। उन्होंने कहा कि सरकार आप सभी के साथ खड़ी है आप सभी लोग का जीवन खुशियों से भरा हो, समृद्ध हो, यह हम सभी का मंसा है और यही हमारा प्रयास भी है और आप सभी लोग एक खुशहाल जीवन प्रारंभ करें ऐसी आप सभी लोगों के लिए ईश्वर से प्रार्थना है और इस अवसर पर आए हुए आप सभी जनमानस से यही कहना चाहती हूं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत प्रति जोड़ो की शादी में कुल धनराषि रू0 51000/- के सापेक्ष कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुषहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राषि रू0 35000/- कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी।



# अबकी बार ४०० के पार का नारा होगा साकार दयाशंकर मिश्रा दयालु

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज क्षेत्र 80 के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन-शनिवार को लोकसभा चुनाव कार्यालय खोलकर बीजेपी ने चुनावी बिगुल बजा दिया है। वैदिक मंत्रोच्चार तथा हवन-पूजन के साथ सोनभद्र के राबर्ट्सगंज नगर के शुभ श्री मैरेज हॉल के प्रांगण में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन लोकसभा कलस्टर प्रभारी उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु ने फीता काटकर किया। आयोजित कार्यक्रम में दयाशंकर मिश्रा दयालु ने कहा कि लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो गया है। पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर प्रचंड जीत का परचम लहराने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। उन्होंने कहा यह चुनाव कार्यालय अब सभी चुनावी गतिविधियों का केंद्र होगा। अबकी बार 400 के पार के नारे को साकार रूप देना है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा है। जिससे लोकसभा के सभी सीटो पर भाजपा जीतेगी और कमल खिलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने कहा कि भाजपा का चुनाव कार्यालय के उद्घाटन से 2024 के लोकसभा चुनाव का आगाज हो गया है। हम सभी कार्यकर्ताओं का काम अब अधिक हो गया हैं, हमारा प्रत्याशी चाहे जो भी पर हमारा चुनाव चिन्ह कमल का फुल है हम सभी कार्यकर्ताओं के बल पर 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर प्रचण्ड विजय होगी। लोकसभा प्रभारी रामप्रकाश दूबे व जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र दिया। मोदी की गारंटी पर जनता मुहर लगाएगी। इस बार फिर ऐतिहासिक मतों से कमल खिलेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के अभियानों में जुटने का आवाह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने आये हुए मुख्यअतिथि का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए लोकसभा क्षेत्र से आये हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन लोकसभा संयोजक पूर्व जिला पंचायत अमरेश पटेल ने किया। कार्यक्रम मे मुख्यरुप से सदर विधायक भूपेश चौबे, चकिया विधायक कैलास खरवार, रमेश मिश्रा, अनुसूचित मोर्चा क्षेत्र अध्यक्ष अजीत रावत, गौरव श्रीवास्तव चेयरमैन चकिया नगर, पूर्व जिलाध्यक्ष तिरथराज, अशोक मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, अजीत चौबे, पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार, नरेन्द्र कुशवाहा, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, अमरनाथ पटेल, कृष्णमुरारी गुप्ता, जीत सिंह खरवार, जिला उपाध्यक्ष रमेश पटेल, रंजना सिंह, संतोष शुक्ला, विनोद पटेल, कैलास बैसवार, अनूप तिवारी, लोकसभा विस्तारक सागरमणी जी, विधानसभा प्रभारी राजेन्द्र सिंह पटेल, शैलेन्द्र पाण्डेय, संतोष खरवार, विद्याधर तिवारी, शीतला आचार्य, उमेश सिंह, सोना बच्चा अग्रहरी, शारदा खरवार, सुषमा सिंह गोंड, रामविचार गोंड, सत्येन्द्र आर्या, अवधेश पटेल, विशाल पाण्डेय, पुष्पा सिंह, अमरेश चेरो, सरजू बैसवार, गीता देवी।




# जनपद मीरजापुर के माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा आयुक्त ने किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।**आयुक्त, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर द्वारा संयुक्त शिक्षा निदेशक, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर के साथ जनपद मीरजापुर के माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 के परीक्षा केन्द्रों, मण्डलीय कण्ट्रोल रूम एवं जनपद स्तर पर स्थापित ऑनलाइन मॉनिटरिंग कण्ट्रोल रूम तथा जनपदीय संकलन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया, है। परीक्षा केन्द्र आदर्श भारतीय बालिका इण्टर कालेज, गनेशगंज, मीरजापुर- प्रातः 11:05 बजे आदर्श भारतीय बालिका इण्टर कालेज, गनेशगंज, मीरजापुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम आयुक्त महोदय द्वारा केन्द्रव्यवस्थापक कक्ष में स्थापित सी0सी0टी0वी0 कैमरों से आच्छादित परीक्षा कक्षों को स्क्रीन पर देखा गया। परीक्षा केन्द्र पर इण्टरमीडिएट नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा में कुल 31 परीक्षार्थी एक कक्ष में परीक्षा दे रहे थे। भौतिक रूप से परीक्षा कक्ष भी देखा गया उसके बाद स्ट्रांग रूम जिसमें परीक्षा से सम्बन्धित प्रश्नपत्र रखे गये है को स्टेटिक मजिस्ट्रेट द्वारा खुलवाकर भी देखा गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि स्ट्रांग रूम की निगरानी 24 घण्टे सी0सी0टी0वी0 कैमरे से होती रहे इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।

तदोपरान्त् कक्ष निरीक्षकों से वार्ता की गयी तथा उन्हें सलाह दी गयी कि वे ससमय परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित रहे एवं कुशलतापूर्वक कक्ष निरीक्षण का कार्य करते रहे। यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या हो, तो तत्काल जिला कण्ट्रोल रूम को अवगत करायें। परीक्षा केन्द्र स्व0 कांशीराम राजकीय बालिका इण्टर कालेज, मीरजापुर- प्रातः 11:30 बजे स्व0कांशीराम राजकीय बालिका इण्टर कालेज, मीरजापुर परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 02 कक्षों में परीक्षा संचालित होती पायी गयी। परीक्षा केन्द्र पर कुल 78 परीक्षार्थिनी के सापेक्ष 76 परीक्षार्थिनी उपस्थित एवं 02 परीक्षार्थिनी अनुपस्थित पायी गयी। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्र के गलियारे, कमरें के खिड़कीयों एवं दरवाजों पर ढेर सारे झाले लगे पाये गये तथा किसी परीक्षार्थिनी द्वारा परीक्षा कक्ष के बाहर गलियारें में उल्टी कर दी गयी थी, जिसकी सफाई न होने के कारण आयुक्त महोदय द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी। केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा छात्राओं को पानी पीने के लिये परीक्षा कक्ष से दूर पेन्ट वाली प्लास्टिक की बाल्टी में पानी भर कर पीने के लिये रखा गया था, जिसके ढक्कन को उठा कर आयुक्त द्वारा देखा गया एवं केन्द्रव्यवस्थापक से पूछा गया तो केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा अवगत कराया गया कि परीक्षार्थियों के पानी पीने हेतु रखा गया है, जिसे देखकर आयुक्त महोदय द्वारा केन्द्रव्यवस्थापक को फटकार लगाते हुये केन्द्र व्यवस्थापक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश देते हुये तत्काल सुव्यवस्थित तरीके से स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था किये जाने हेतु कड़े निर्देश दिये गये। तत्पश्चात् प्रधानाचार्या कक्ष / केन्द्र व्यवस्थापक कक्ष में स्थापित सी0सी0टी0वी0 कैमरें के स्क्रीन का निरीक्षण किया गया। परीक्षा कक्ष में दोनों तरफ स्थापित सी0सी0टी0वी0 कैमरें में पीछे की तरफ लगे सी0सी0टी0वी0 का कवरेज स्क्रीन पर प्रदर्शित हो रहा था।



# सम्पादकीय

## इलाज के दौरान अतिरिक्त वित्तीय सुरक्षा बीमाधारकों को भर्ती रहने तक रोजाना भत्ता

हॉस्पिटल डेली कैश एक पूरक (सप्लीमेंटरी) स्वास्थ्य बीमा कवर है। इसे ऐसे डिजाइन किया गया है, जिसमें बीमाधारक को अस्पताल में भर्ती रहने तक हर दिन के लिए एक निश्चित राशि मिलती रहे। यह रकम बीमित राशि का एक फीसदी हो सकती है। स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में हो रहे विकास के दौर में कंपनियां ऐसे उत्पाद पेश कर रही हैं, जो ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करती हैं। साथ ही, इलाज पर होने वाले खर्च से बचाकर उन्हें बड़े पैमाने पर वित्तीय सुरक्षा देती हैं।?हालांकि, ग्राहकों को कई बार ऐसे उत्पाद या एड-ऑन के बारे भले ही अस्पताल का हर दिन का खर्च 800 रुपये हो या 400 रुपये।दोगुना भी हो सकता है भत्ता रोजाना भत्ते की तय सीमा हर बीमा कंपनी की अलग-अलग होती है। आप कवर लेते समय दिए विकल्प में से राशि चुन सकते हैं। यह भत्ता आमतौर पर 500 रुपये (प्रति दिन) से लेकर कुछ हजार रुपये तक हो सकता है। इसके अतिरिक्त, गंभीर समस्या होने पर आईसीयू में भर्ती करने की जरूरत पड़ती है तो पॉलिसी के अनुसार यह भत्ता निश्चित अवधि के लिए दोगुना कर दिया जाता है। पॉलिसी के अनुसार आईसीयू में भर्ती पर रोजाना भत्ता




में पता नहीं होता है। ऐसा ही एक उत्पाद है... हॉस्पिटल डेली कैश। यह बीमाधारकों को मेडिकल इमरजेंसी में अतिरिक्त सुरक्षा देता है। आइए जानते हैं...क्या है हॉस्पिटल डेली कैश कवर? क्या हैं इसकी बारीकियां? कवर...बीमित राशि का एक फीसदी तकहॉस्पिटल डेली कैश एक पूरक (सप्लीमेंटरी) स्वास्थ्य बीमा कवर है। इसे ऐसे डिजाइन किया गया है, जिसमें बीमाधारक को अस्पताल में भर्ती रहने तक हर दिन के लिए एक निश्चित राशि मिलती रहे। यह रकम बीमित राशि का एक फीसदी हो सकती है। इस कवर में भुगतान किए गए विभिन्न शुल्कों से अलग एक पूर्व निर्धारित रोजाना भत्ता मिलता है। उदाहरणः अगर आप अस्पताल में भर्ती होने पर प्रतिदिन 500 रुपये वाले कवर का विकल्प चुनते हैं, तो आपको 500 रुपये का एक निश्चित लाभ प्राप्त होगा। सीमा 1,000 रुपये है, तो यह बढ़कर 2,00 0 रुपये हो जाएगी। इन शर्तों का रखें ध्यान पारंपरिक स्वास्थ्य बीमा की तर्ज पर इसमें भी वेटिंग अवधि होती है। यानी वेटिंग अवधि के बाद ही हॉस्पिटल डेली कैश कवर का लाभ मिलेगा।भत्ता पाने के लिए कम-से-कम 24 घंटे अस्पताल में भर्ती होना जरूरी है। डे-केयर भर्ती को अभी इस कवर के दायरे से बाहर रखा गया है। क्लेम अधिक तो भी मिल सकती है सुरक्षाअगर कोई क्लेम आपकी पॉलिसी के कुल सम एश्योर्ड से अधिक है, तो बाकी रकम का भुगतान आपको जेब से करना पड़ता है। लेकिन, हॉस्पिटल डेली कैश कवर है तो इसमें मिलने वाले रोजाना भत्ते की वजह से आपकी जेब पर पड़ने वाला भार कुछ कम हो जाएगा। -आशीष सेठी, प्रमुख, हेल्थ एसबीयू एंड ट्रैवल, बजाज आलियांज जनरल।

## दम तोड़ गया बैजबॉल भारत को मिल गई नई टीम

मैं आप सभी को एक बिल्कुल नई टीम की कल्पना करने को कह रहा हूं जिसमें आज के दौर में से न रोहित हों और न ही विराट। अश्विन और बुमराह भी नहीं हों, शमी भी नहीं। हां रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव अभी कुछ साल रहेंगे।वैसे तो भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा ही टेस्ट मैच चल रहा है लेकिन अभी तक के मैचों से दुनियाभर के क्रिकेट को बड़े संदेश मिले हैं। सबसे बड़ा सबक तो इंग्लैंड के लिए ही है।इसमें कोई दो राय नहीं कि बैजबॉल ने टेस्ट क्रिकेट में नया रोमांच पैदा किया है। मैं खुद इंग्लैंड के सारे मैच देखता हूं। एशेज सीरीज में इसी के सहारे अंग्रेजों ने दम दिखाया तो भारत में आते ही मैच जीतना बड़ी बात हो गई। हालांकि इंग्लैंड अपने कप्तान बेन स्टोक्स से ही नहीं सीख पा रहा है और यही वजह कि चौथे टेस्ट मैच में बैजबॉल दम तोड़ गया।इंग्लैंड को आखिर पारंपरिक खेल पर लौटना ही पड़ा। उसके सभी पुराने दिग्गजों ने विकेट फेंकने की आदत पर खूब फटकार लगाई। जो रूट जैसे बड़े खिलाड़ी लगातार फेल हो रहे थे। आखिर चौथे टेस्ट की पहली पारी में जो रूट अपने ही अंदाज में खेले और शतक लगाया। जैसे कि बात हो रही थी बेन स्टोक्स से सीखने की तो उनके खेल को समझना जरूरी है।पिछली दस से ज्यादा पारियों को देखें तो स्टोक्स पहले आराम से विकेट पर टिकते हैं और अंतिम क्षणों में छक्कों और चौकों की बरसात करते हैं। जो रूट, ऑली पोप और बेयरस्टो मानो पहली गेंद से ही टी-20 अंदाज में खेलना चाहते हों और विकेट देते रहे।सच पूछिए तो क्रिकेट के प्रशंसक के तौर पर मैं बैजबॉल का खूब आनंद उठाता हूं लेकिन यह भी लगता है कि परिस्थिति के अनुसार रणनीति बदल भी लेनी चाहिए, इसलिए जब चौथे टेस्ट की पहली पारी में आंकड़े सामने आए तो साफ दिख गया कि भारत की सरजमीं पर बैजबॉल कारगर नहीं रहा। मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड बैजबॉल को छोड़ देगा लेकिन इतना तो तय है कि अपनी रणनीति में थोड़ा बदलाव जरूर करेगा। इसके लिए भारत का यह दौरा याद भी किया जाएगा।आने वाले वर्षों में भारत की संभावित टीम सबसे खास बात भारतीय क्रिकेट के चाहने वालों के लिए ये बिल्कुल अलग तरह के दिन हैं। दिग्गजों से भरी टीम में भारी भरकम नाम हर एक मैच के बाद कम होते जा रहे हैं। इस मैच में बुमराह नहीं खेले तो एक और बड़ा नाम कम हुआ। बैटिंग में जब सरफराज, जुरेल और पाटीदार के नाम जुड़ जाएं तो आप अंदाजा लगाइए कि किस तरह की नई टीम खड़ी हो रही है। रोहित शर्मा संभव है कि अभी कप्तानी के नाम पर कुछ दिन और खेलें और विराट की भी वापसी हो। इन सबके बीच अंगड़ाई लेती युवा खिलाड़ियों की जवानी भारतीय क्रिकेट को नए फलक पर पहुंचाने को तैयार है। यशस्वी जायसवाल ने अपना दम दिखा ही दिया है। कुछ जानकार यह भी कह सकते हैं कि हम कुछ मैचों में ही अपने हीरो तलाश लेते हैं और फिर वह खो जाते हैं। ऐसा हुआ है और होता भी है लेकिन यशस्वी की तकनीक और हौसले को देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत को एक बड़ा खिलाड़ी और अच्छा ओपनर मिल गया है।कुछ इसी हिम्मत और हौसले से मुझे सरफराज ने प्रभावित किया।

## कीटनाशकों का नया विकल्प है सौर ऊर्जा, तकनीक भी साबित हो रही है पर्यावरण अनुकूल

कीटनाशकों के बदले सोलर लाइट ट्रैप तकनीक का इस्तेमाल कम लागत वाला और नुकसान रहित है। यह पूरी तरह से पर्यावरण-अनुकूल भी है।मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में धान की पैदावार काफी अच्छी होती है। यहां का किसान धान में लगने वाले कीड़ों से परेशान था। जिले के कटंगझरी ग्राम के वीरेंद्र धांद्रे एवं अन्य किसान कृषि विभाग से मिले सौर ऊर्जा आधारित सोलर लाइट ट्रैप लगाया और अब बगैर किसी रसायन के उनकी फसल निरापद है।घटती जोत और बढ़ती आबादी ने अधिक फसल उत्पादन का दबाव बढ़ा दिया है। खेतों में नैसर्गिक रूप से कीट-पतंगे होते हैं, जिनमें से कई खेती और धरती के लिए जरूरी होते हैं। फसल को हानिकारक कीटों से बचाने के लिए छिड़की जाने वाली रासायनिक दवाएं न केवल फसलों के पोषक तत्वों की दुश्मन हैं, बल्कि प्रकृति-मित्र कीट-पतंगों को भी नष्ट कर देती हैं। लेकिन अब खेतों में सूरज की चमक से चलने वाले प्रकाश-उत्पादक बल्ब बगैर किसी नुकसान के मामूली व्यय में हानिकारक कीटों का नाश कर देते हैं।तेजी से हो रहे मौसमी बदलाव और बढ़ते तापमान ने हर फसल चक्र के दौरान फसलों पर अलग-अलग कीटों के प्रकोप में भी बढ़ोतरी कर दी है। हर साल सैकड़ों किसान जहरीली दवाओं के बेतहाशा इस्तेमाल के चलते मौत या दमे-कैंसर जैसी बीमारियों के शिकार होते हैं। हमारे देश में हर साल कोई दस हजार करोड़ रुपये के कृषि-उत्पाद खेत या भंडार-गृहों में कीड़ों के कारण नष्ट हो जाते हैं। इस बर्बादी को रोकने के लिए कीटनाशकों का इस्तेमाल बढ़ा। वर्ष 1950 में इसकी खपत 2,000 टन थी, लेकिन आज कोई 90 हजार टन जहरीली दवाएं देश के पर्यावरण में घुल-मिल रही हैं। इसका कोई एक तिहाई हिस्सा विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत छिड़का जा रहा है। वर्ष 1960-61 में केवल 6.4 लाख हेक्टेयर खेत में कीटनाशकों का छिड़काव होता था, लेकिन आज अनुमानतः करीब डेढ़ करोड़ हेक्टेयर में इनका छिड़काव होता है।ये कीटनाशक जाने-अनजाने में पानी, मिट्टी, हवा, जन-स्वास्थ्य और जैव विविधता को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। इनके अंधाधुंध इस्तेमाल से पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ रहा है। कई कीटनाशकों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ गई है। इस्तेमाल की जा रही दवाओं का महज 10 से 15 फीसदी ही असरकारक होता है, शेष जहर मिट्टी, भूगर्भ जल, नदी-नालों का हिस्सा बन जाता है। कीट नियंत्रण के लिए सोलर लाइट ट्रैप तकनीक का इस्तेमाल कम लागत वाला और नुकसान रहित है। सौर ऊर्जा संचालित कीट जाल पूरी तरह से स्वचालित, किफायती और पर्यावरण-अनुकूल है, जिसमें अल्ट्रावायलेट लाइट लगी है। दिन में सूर्य के प्रकाश में सोलर पैनल द्वारा ऊर्जा एकत्रित होती है और



अंधेरा होने पर सेंसर के कारण यंत्र में लाइट चालू हो जाती है, जो कीटों को आकर्षित करती है। ट्रैप में कीटों के आने के बाद कीट नीचे लगी जाली में फंस जाते हैं। इस प्रकार खेत में किसानों को तना छेदक तितली और अन्य कीटों से फसलों को बचाने में मदद मिलती है। यह अत्याधुनिक उपकरण कीट और कीड़ों के पैटर्न की पहचान करता है और उसके अनुसार कीट प्रबंधन और नियंत्रण योजना विकसित करता है। इसकी पकड़ में सभी उड़ने वाले निम्फ और वयस्क कीड़े आदि आते हैं।इसकी तकनीक बेहद सामान्य-सी है, जिसका कोई खास रखरखाव भी नहीं होता। इसमें स्वचालित सौर लाइट ट्रैप में 10 वाट का सोलर लाइट पैनल है, जो बैटरी को चार्ज करता है। इसकी खासियत है कि यह मशीन केवल शत्रु कीटों को निशाना बनाती है। ऐसे कीट शाम 6 बजे से रात 10 बजे के बीच अधिक सक्रिय होते हैं। सौर ऊर्जा से संचालित यंत्र की लाइट अंधेरा होते ही शुरू हो जाती है और सुबह उजाला होते ही बंद। खेत में हर पौधे की लंबाई अलग-अलग होती है, इसलिए इस उपकरण को इस तरह ऊंचाई पर लगाया जाता है कि औसत ऊंचाई पर बैठे कीट इसकी तरफ आकर्षित हो जाएं। इस साधारण-सी तकनीक के गांव तक पहुंचने में एक ही व्यवधान है-ताकतवर अंतरराष्ट्रीय कीटनाशक लॉबी, जिसका अरबों का उत्पाद इसके चलते बिकना बंद हो सकता है। इसे ब्लॉक या जिले के कृषि विभाग कार्यालय या कृषि विज्ञान केंद्र से लिया जा सकता है। इस पर सरकार कुछ सब्सिडी भी देती है।

## अबू धाबी में हिंदू मंदिर के मायने यानी वक्त के साथ उदार हो रहे हैं अरब देश

भारत में पैगंबर मुहम्मद साहब के जीवनकाल में अरब के बाहर विश्व की पहली मस्जिद-'चेरामन जुमा मस्जिद' का निर्माण वर्ष 629 में केरल के तत्कालीन हिंदू राजा चेरामन पेरुमल भास्करा रविवर्मा और स्थानीय हिंदुओं के सहयोग से कोडुंगल्लूर में हुआ था।अरब देशों ने समयानुरूप वैश्विक स्तर पर स्वयं को उदार, सहिष्णु और आधुनिक बनाने हेतु कदम उठाए हैं । मौजूदा तकनीकी युग में दुनिया छोटी हो रही है और अब कोई भी समाज पुरानी मान्यताओं की जकड़ में रहकर प्रगतिशील सह-अस्तित्व को संभव नहीं बना सकता। गत 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्वामीनारायण मंदिर का भव्य उद्घाटन किया। इसके बाद बहरीन ने भी स्वामीनारायण समाज को हिंदू मंदिर हेतु जमीन आवंटित कर दी। अबू धाबी में नवनिर्मित मंदिर, अरब प्रायद्वीप का कोई पहला मंदिर नहीं है। दुबई में 1958 से हिंदू मंदिर स्थापित है। बहरीन में भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित 200 वर्ष पुराना श्रीनाथ मंदिर, तो ओमान में सवा सौ साल पुराना मोतिश्वर मंदिर है। परंतु यूएई के मंदिर पर भारत का एक समूह, जिसमें वाम-उदारवादी भी शामिल है-अयोध्या में पुनर्निर्मित श्रीरामजन्मभूमि मंदिर का संदर्भ देकर भारत को यूएई सहित अन्य अरब देशों से बहुलतावाद-पंथनिरपेक्षता सीखने का सुझाव दे रहा है। यह अपने आप में ही विरोधाभास है कि भारत की तुलना इस्लामी देशों से की जाए।असंख्य निशान अब भी प्रत्यक्ष सबसे बड़ी बात है कि यूएई सहित किसी भी अरब देश का ऐसा कोई इतिहास नहीं है, जहां भारत के किसी हिंदू-बौद्ध शासक ने जाकर उन पर हमला किया हो या उनके धर्मस्थलों को ध्वस्त किया हो या फिर जबरन उनके किसी भूखंड पर कब्जा करके अपने धर्मस्थल का निर्माण किया हो। इस पृष्ठभूमि में मध्यकालीन भारत में अरब आक्रांताओं सहित अन्य विदेशी आक्रमणकारियों का क्रूर वृत्तांत, रक्त और सांस्कृतिक संहार से भरा है। इसके असंख्य निशान अब भी प्रत्यक्ष हैं। इसी में से एक राजधानी दिल्ली स्थित कुतुब मीनार परिसर में निर्मित कुव्वत उल इस्लाम मस्जिद है, जहां भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा स्थापित तख्ती में स्पष्ट लिखा है कि यह मस्जिद 27 हिंदू-जैन मंदिरों को तोड़कर बनाई गई है। ऐसे सैकड़ों ऐतिहासिक उदाहरण हैं। भारत पंथनिरपेक्ष, वैदिक परंपराओं के कारण भी जबकि भारत में पैगंबर मुहम्मद साहब के जीवनकाल में अरब के बाहर विश्व की पहली मस्जिद-'चेरामन जुमा मस्जिद' का निर्माण वर्ष 629 में केरल के तत्कालीन हिंदू राजा चेरामन पेरुमल भास्करा रविवर्मा और स्थानीय हिंदुओं के सहयोग से कोडुंगल्लूर में हुआ था। यह इसलिए संभव हुआ, क्योंकि समावेशी भारतीय वैदिक दर्शन न तो 'काफिर-कुफ्र' अवधारणा जैसा असहिष्णु है और न ही संकुचित। भारत पंथनिरपेक्ष है, तो वह संविधान की वजह से ही नहीं, अपितु अपने शाश्वत हिंदू चरित्र और वैदिक परंपराओं के कारण भी। विगत सहस्राब्दी में भारतीय उपमहाद्वीप के जिन क्षेत्रों में 'एक ही ईश्वर सच्चा है, शेष झूठे हैं' रूपी दर्शन का वर्चस्व हुआ, वहां अन्य धर्म के स्थानीय अनुयायी या तो समाप्त हो गए या फिर दोयम दर्जे का जीवन बिताने को विवश हैं। इस भूखंड में बहुलतावाद और लोकतंत्र केवल उन्हीं स्थानों पर जीवित है, जहां आज भी भारतीय सनातन संस्कृति की प्रधानता है।अरब सहित मध्यपूर्व एशिया में एक करोड़ से अधिक भारतीय प्रवासी (गैर-मुस्लिम सहित) बसते हैं। इस भूभाग में जिस देश के जो भी नियम-कानून हैं, वे उनका बिना किसी प्रतिकार के पालन करते हैं। उदाहरणस्वरूप, सऊदी अरब में सार्वजनिक रूप से मूर्ति पूजा या कोई भी गैर-इस्लामी पूजा-अर्चना प्रतिबंधित है। इसे भारतीय हिंदू उसी सम्मान के साथ स्वीकार करते हैं। क्या कभी विश्व के किसी घोषित इस्लामी या ईसाई देश में किसी हिंदू ने इस प्रकार का भाव प्रचारित किया कि उसकी आस्था, परंपरा और मान्यताओं को स्थानीय कानून द्वारा कुचला जा रहा है? इसके विपरीत भारत, अमेरिका और फ्रांस सहित कई यूरोपीय देशों में एक वर्ग द्वारा वहां के स्थानीय कानूनों और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रतिकार की चर्चा आम रहती है। क्या यह सच नहीं कि भारत में भी एक वर्ग अपनी मजहबी मान्यताओं को भारतीय कानून या संविधान से ऊपर रखने की कोशिश करता है? इसी में से एक वर्ष 1985-86 का शाहबानो मामला है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए प्रगतिशील निर्णय का भड़काऊ नारों के साथ हिंसक विरोध किया गया और इस कट्टरता के समक्ष आत्मसमर्पण करते हुए तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने संसद में अपने प्रचंड बहुमत के बल पर अदालत का फैसला पलट दिया था। वर्ष 2019-20 में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध, 2021-22 का कर्नाटक हिजाब प्रकरण और ज्ञानवापी परिसर मामले में नूपुर शर्मा को जान से मारने के फतवे के साथ निरपराध कन्हैयालाल (उदयपुर) और उमेश (अमरावती) की हत्या के मामले भी इसी किस्म की मानसिकता का विस्तार कहे जाएंगे।बड़ा प्रश्न यह भी है कि अरब देशों-विशेषकर यूएई और बहरीन के मुस्लिम शासकों को किस बात ने बहुदेववाद और सह-अस्तित्व को जगह देने के लिए प्रेरित किया? वह भी इस तरह कि वे न केवल मंदिरों के लिए भूमि दान कर रहे हैं, बल्कि मंदिर परियोजनाओं के साथ जुड़ भी रहे हैं। इसका उत्तर अरब प्रायद्वीप के हालिया सामाजिक-राजनीतिक घटनाक्रम में मिल जाता है। इस्लाम का उद्गम स्थल सऊदी अरब अपने युवराज मोहम्मद बिन सलमान के अधीन अब पूरी तरह शरीयत प्रदत्त देश नहीं रह गया है।तेल-ईंधन पर वैश्विक निर्भरता समाप्त होने की आशंका बीते कुछ वर्षों से सऊदी अरब में ऐसे स्वागतयोग्य सामाजिक सुधार हुए हैं, जो पहले विशुद्ध इस्लामी दृष्टिकोण में वर्जित कहे जाते रहे थे। इनमें महिलाओं को बिना पुरुष संरक्षक के वाहन चलाने की अनुमति, कामकाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने और अंतरिक्ष परियोजनाओं में उन्हें स्थान देने जैसे कई कदमों के साथ कई क्षेत्रों में सऊदी राजवंश द्वारा सुधार किए जा रहे हैं। भविष्य में तेल-ईंधन पर वैश्विक निर्भरता समाप्त होने की आशंका और दुनिया में ई-वाहनों के बढ़ते चलन ने भी नई वास्तविकताएं पैदा की हैं। अरब देशों ने समयानुरूप वैश्विक स्तर पर स्वयं को उदार, सहिष्णु और आधुनिक बनाने हेतु कदम उठाए हैं। उन नियम-कानूनों में सुधार हो रहा है, जो पुरानी मान्यताओं की जकड़ में थे और सह-अस्तित्व के लिए बड़ी बाधा हैं।वास्तव में, अरब-मध्यपूर्व एशिया में हो रहे परिवर्तनों से भारत के तथाकथित सेक्युलरवादियों को सीखना चाहिए। मध्यकालीन 'काफिर-कुफ्र-शिर्क' की अवधारणा कालबाह्य हो चुकी है। तकनीकी युग में दुनिया छोटी हो रही है। ऐसे में कोई भी समाज कुएं का मेंढक बनकर नहीं रह सकता। आपसी सहयोग और सह-अस्तित्व समय की मांग है।





## सेवानिवृत्ति के बाद तनावमुक्त बुढ़ापा चाहिए इन गलतियों से बचें

सेवानिवृत्ति के बाद बेहतर जीवनयापन के लिए अलग-अलग तरीके से बचत की जरूरत होती है। इन्हें ऐसे निवेश करें कि इन पर बेहतर रिटर्न मिले। इसे कई भाग में बांट सकते हैं। जैसी कुल रकम का चार-पांच फीसदी हो। यह आंकड़ा इस आधार पर निकाला जाता है कि कोई अति रूढ़िवादी व्यक्ति बैंक खाते के ब्याज से कितनी कमाई करेगा। यह आपके पास मौजूद कोष पर एक सुरक्षा



जरूरत, वैसा निवेश। हम अक्सर पैसों से जुड़ी गलतियां करते हैं। इन्हें टालकर यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सेवानिवृत्ति के बाद जीवन तनावमुक्त हो।कोई भी व्यक्ति अपनी स्थिति के आधार पर सेवानिवृत्ति का प्रबंधन करने के तरीकों का पता लगा सकता है। याद रखें, सेवानिवृत्ति की सबसे सही परिभाषा होती है कि जब किसी व्यक्ति की कोई आय नहीं होती है। यदि पेंशन मिलती है, तो आप भाग्यशाली हैं, क्योंकि आपके पास कुछ ऐसा है जो बहुतों के पास नहीं है। ऐसे तीन अलग-अलग आयु वर्ग हैं जब सेवानिवृत्ति अधिकांश लोगों के लिए प्राथमिकता या चिंता का कारण बन जाती है।सेवानिवृत्ति का पहला चरण...40 से 60 की उम्र पहला चरण 40-60 वर्ष की उम्र का है, जो सेवानिवृत्ति से पहले का चरण है। इसमें व्यक्ति को किसी समय पर योजना बनाने की जरूरत का एहसास होता है और पर्याप्त धन होने या न होने की चिंता होती है। यह वह चरण भी है, जब कोई व्यक्ति अपने जीवन में कई वित्तीय आकांक्षाएं पूरी करने में कामयाब होता है।?अगर आप नौकरी करते हैं तो संभावना है कि आप कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का हिस्सा होंगे। इनका उपयोग सेवानिवृत्ति के बाद कर सकते हैं। यदि आप इस आयु वर्ग में हैं, तो उस राशि से कोई समझौता न करें, जो आपके सेवानिवृत्ति के लिए है। यह लक्ष्य पाने के लिए जितना संभव हो, बचत का प्रयास करें। आक्रामक तरीके से जितना संभव हो उतना इक्विटी में निवेश करें, क्योंकि 10-15 वर्षों में इक्विटी के जरिये महंगाई को मात देने व धन सृजन की संभावना अधिक है। दूसरा चरण...समस्याओं का करना होगा सामना दूसरा चरण सेवानिवृत्ति के पहले 10-15 वर्ष हैं। इसमें व्यक्ति को दो सामान्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहला, आप बहुत तेजी से खर्च करते हैं या आपके पास जो कुछ है उसके प्रति आप अति रूढ़िवादी हैं। दोनों ही आपके विरुद्ध जाते हैं। इस चरण में आपका प्राथमिक उद्देश्य सेवानिवृत्ति की बचत को पूरा करना नहीं है। अपनी रकम में से एक निश्चित राशि का उपयोग करें, जो प्रदान करेगा। अपना सारा पैसा बैंक में रखने की गलती न करें और ब्याज आय से गुजारा करने की उम्मीद न करें। आपको सेवानिवृत्ति बचत को तीन-चार जगह रखना चाहिए। पहली दो जगह में इतना पैसा होना चाहिए कि आपको अगले पांच-सात वर्षों में अपने नियमित खर्चों के प्रबंधन के लिए इसकी जरूरत होगी। शेष राशि में से 50 फीसदी रकम आपको उन वित्तीय साधनों में रखना चाहिए, जिससे महंगाई को सहन करने के लिए बहुत कम इक्विटी जोखिम हो। शेष 50 फीसदी इक्विटी में निवेश करें, जहां बहुत ज्यादा रिटर्न मिल सके।आपको इसकी चिंता नहीं करनी है कि कितनी रकम बचाने की जरूरत है। आप जितना बचा सकते हैं, उससे ज्यादा बचत की कोशिश करें और इसी लक्ष्य के लिए निवेश करें। इस दौर में आपके अधिकांश वित्तीय लक्ष्य समाप्त हो चुके हैं, इसलिए पूरा ध्यान सेवानिवृत्ति पर होना चाहिए। अपने बच्चों के लिए अत्यधिक बचत करने की गलती न करें और उन्हें स्वयं अपनी देखभाल करने के लिए तैयार करें, प्रेरित करें। इसी तरह, ऋण (डेट) और निश्चित रिटर्न माध्यमों पर ज्यादा भरोसा ना करें, क्योंकि ये आपकी पूंजी को सुरक्षित तो रखेंगे लेकिन ठीक-ठाक पैसा बनाने के लिए उचित रिटर्न नहीं दिलाएंगे। अगर आप उन लोगों में से हैं, जो सेवानिवृत्ति या किराये से आमदनी के लिए दूसरे घर के बारे में सोच रहे हैं, तो ऐसा न कर धन सृजन पर ध्यान दें। इक्विटीः लंबे समय में बेहतर लाभ आपको 15 साल बाद जिस पैसे की जरूरत होगी, उसके लिए इक्विटी और हाई इक्विटी आवंटन का कारण उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित है। यह दर्शाता है कि इक्विटी में निवेश किए गए पैसे का मूल्य इतनी लंबी अवधि में शायद ही कभी घटता है। ऐतिहासिक रूप से 7-10 वर्षों में निफ्टी और सेंसेक्स में शायद ही कभी पैसा कम हुआ हो। अपना सारा पैसा निश्चित रिटर्न वाले साधन में रखने की गलती से बचें और अत्यधिक रूढ़िवादी न बनें। अपनी पसंद की चीजों पर खर्च करने के लिए खुद को कुछ पैसे दें क्योंकि हो सकता है कि आपको कुछ चीजों पर पैसा खर्च करने का दूसरा मौका न मिले।

# अनुष्का ,विराट की बेटी वामिका को बर्थ डे पर मिला था ये स्पेशल गिफ्ट


**(आधुनिक समाचार नेटवक)**
**नई दिल्ली।** अनुष्का शर्मा और विराट कोहली बॉलीवुड के पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। फैंस को उनकी जोड़ी, एक दूसरे के लिए आपसी




समझ और एक दूसरे के साथ मस्ती करते रहने का अंदाज काफी पसंद आता है। कुछ दिनों पहले कपल ने बेटे के जन्म की गुड न्यूज सोशल मीडिया पर शेयर की थी और अब सोशल मीडिया पर वामिका के बर्थ डे गिफ्ट की झलक सामने आई है वर्ल्ड के चर्चित कपल्स में से एक हैं। फैंस इनकी केमेस्ट्री को पसंद करने के साथ ही इनकी बेटी वामिका से जुड़ी अपडेट्स जानना भी पसंद करते हैं। अनुष्का-विराट ने वामिका का चेहरा कभी पैपराजी को नहीं दिखाया है लेकिन उसकी कुछ क्लिप्स जरूर वायरल हुई हैं। एक्ट्रेस की बेटी ने इस साल तीसरा बर्थ डे सेलिब्रेट किया था।विराट और अनुष्का ने लंबे समय तक एक दूसरे को डेट करने के बाद 2017 में शादी कर ली थी। मैरिज के चार साल बाद कपल ने अपनी बेटी वामिका का स्वागत किया। वामिका की कई फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है। विराट-अनुष्का ने बहुत कोशिश की कि पैपराजी के कैमरे से उसे बचा सकें, लेकिन फैंस की जब उस पर नजर गई, तो वह उसे क्लिक करने से बाज नहीं आए। 11 जनवरी को वामिका का बर्थ डे था। इस स्टार किड को उसके बर्थ डे पर इंद्रधनुष की थीम का गिफ्ट मिला था। वामिका के बर्थ डे गिफ्ट की जो फोटो सामने आई है, वह बेहद खूबसूरत है। अनुष्का की बेटी को सारे गिफ्ट्स पिंक कलर के मिले थे। उसे क्लाउड कटआउट से सजा एक बड़ा सा बॉक्स मिला, जिसमें कई सारी चीजें थीं। इसमें वामिका के नाम की पेंटिंग रखी थी।इसके अलावा बॉक्स में वामिके के लिए प्यारा सा बर्थ डे मैसेज लिखा हुआ कार्ड भी था। कार्ड को सितारों और इंद्रधनुष की पेंटिंग से सजाया गया था और उस पर लिखा था 'हैप्पी बर्थ डे वामिका।'इस बर्थ डे गिफ्ट में कुछ और भी चीजें देखने को मिलीं, जिसमें पिंक कलर का क्यूट सा बैग है। बैग में सामने की तरफ एक रोबोट बना था और उस पर वामिका का नाम लिखा था। इसके अलावा गिफ्ट बॉक्स में नोटपैड, रंगीन बॉक्स और आइटम भी थे।20 फरवरी को अनुष्का और विराट ने सोशल मीडिया पर गुड न्यूज सुनाई थी कि उनके घर बेटे का जन्म हुआ है। अनुष्का ने 15 फरवरी को लंदन में बेटे को जन्म दिया। उसका नाम अकाय रखा गया है, जिसका मतलब 'बहुत खास' होता है।

# नेहा और अईयर की हल्दी सेरेमनी में झूमीं 'इश्कबाज' की 'संस्कारी बहुएं'

**(आधुनिक समाचार नेटवक)**
**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे की मशहूर अदाकारा नेहा लक्ष्मी अय्यर मिस से मिसेज बनने जा रही हैं। हाल ही में, एक्ट्रेस ने अपनी मेहंदी और संगीत सेरेमनी को एन्जॉय किया। नेहा की शादी के फंक्शन में इश्कबाज की अभिनेत्रियों ने भी खूब धूम मचाया। अब एक्ट्रेस की हल्दी सेरेमनी की तस्वीरें सामने आई हैं।टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री आज अपने प्यारके साथ शादी के बंधन में बंध जाएंगी। 24 फरवरी से अभिनेत्री की शादी की रस्में भी शुरू हो गई थीं। मेहंदी और संगीत के बाद नेहा और रुद्रायश की हल्दी सेरेमनी होस्ट की गई जहां इश्कबाज की अभिनेत्रियों ने खूब मस्ती की। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें सामने आई हैं।28 साल की नेहा लक्ष्मी लंबे समय से रुद्रायश जोशी को डेट कर रही थीं। दोनों का लॉन्ग टाइम रिलेशनशिप अब हमेशा के लिए शादी के बंधन में बंधने जा रहा है। आज नेहा और रुद्रायश की शादी है। रविवार को उन्होंने अपनी हल्दी सेरेमनी एन्जॉय की।नेहा लक्ष्मी अय्यर की हल्दी सेरेमनी में इश्कबाज की



अभिनेत्रियों मानसी श्रीवास्तव श्रेणु पारिख और सुरभि चंदना ने भी शिरकत की और एक्ट्रेस की हल्दी को और भी यादगार बनाया। श्रेणु पारिख ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी बेस्टी और को-स्टार नेहा के हल्दी फंक्शन की तस्वीरें शेयर की हैं।फोटोज में इश्कबाज की तीनों बहुओं को नेहा के साथ पोज देते हुए देखा जा सकता है। बात करें लुक की तो अपनी हल्दी में नेहा ने येलो कलर को छोड़कर व्हाइट और पिंक कलर का आउटफिट पहना था, जिसे उन्होंने शेल वाली ज्वेलरी से स्टाइल किया था।

# आर्टिकल 370 ने आते ही खत्म किया शाहिद-कृति की फिल्म का खेल


**(आधुनिक समाचार नेटवक)**
**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने 9 फरवरी को वैलेंटाइन वीक के मौके पर दस्तक दी थी। अमित जोशी और अराधना शाह के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पहली बार दर्शकों को फिल्मी पर्दे पर शाहिद कपूर और कृति सेनन की जोड़ी देखने को मिली।की बीते फ्राइडे रिलीज हुई फिल्म 370 ने आते ही बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कब्जा जमाया है जिसकी वजह और कृति सेनन स्टारर फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को अच्छी कमाई करने का कोई मौका नहीं मिल रहा है। रविवार को शाहिद कपूर-कृति सेनन स्टारर तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की बॉक्स ऑफिस पर हालत खस्ता रही।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की शुरुआत तो बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत तो काफी अच्छी हुई थी, लेकिन अब फिल्म को वीकेंड पर कमाई करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ रहा है।आर्टिकल 370 की जोरदार शुरुआत अब शाहिद कपूर की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' की गले की फांस बन चुकी है, जिसकी वजह से रविवार को भी इस फिल्म का कारोबार बहुत ही कम हुआ है।शाहिद कपूर-कृति



सेनन और धर्मेंद्र स्टारर इस फिल्म ने आते ही बॉक्स ऑफिस पर ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'फाइटर' को घरेलू बॉक्स ऑफिस के तख्त से हटा दिया था। अब ऐसा ही कुछ 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' के साथ होता हुआ नजर आ रहा है।शुक्रवार को फिल्म को 99 रुपए की टिकट का फायदा जरूर मिला होगा, लेकिन शनिवार और रविवार को फिल्म की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को 2.4 करोड़ का बिजनेस करने वाली इस मूवी ने रविवार को भी महज 2.64 करोड़ का सिंगल डे बिजनेस किया है। यामी गौतम आर्टिकल 370 का बज शाहिद-कृति की फिल्म पर काफी भारी पड़ रहा है।वर्ल्ड वाइड तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया भले ही 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो चुकी हो, लेकिन डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर जिस तरह से ये फिल्म कमाई कर रही है, उसे देखते हुए मूवी का 100 करोड़ कमाना बेहद ही मुश्किल लग रहा है।घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने नेट कमाई अब तक 73.54 करोड़ तक की है, जबकि फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 84.85 करोड़ तक पहुंच चुका है। वर्ल्ड वाइड फिल्म बस अभी 120 करोड़ ही कमा पाई है।

# आर्टिकल 370 'को छुट्टी का भरपूर फायदा रविवार की कमाई में फिल्म ने काटा गदर

**(आधुनिक समाचार नेटवक)**
**नई दिल्ली।**यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 इन दिनों सुर्खियों




में छाई हुई है। मूवी में उनकी एक्टिंग जितनी पसन्द की जा रही है, उतनी ही फिल्म की कहानी भी। 'आर्टिकल 370' को विद्युत जामवाल की 'क्रैक' के साथ रिलीज किया गया है। ऐसे में इन फिल्मों का बॉक्स ऑफिस क्लैश देखने लायक है।यामी गौतम की आर्टिकल 370 और विद्युत जामवाल की क्रैक एक साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। दोनों ही मूवीज की बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत धीमी गति से हुई लेकिन दूसरे दिन से आर्टिकल 370 ने रफ्तार पकड़ी। फिल्म को रिलीज हुए तीन ही दिन बीते हैं लेकिन हर दिन मूवी के आंकड़ों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।द सर्जिकल स्ट्राइक' बनाने वाले डायरेक्टर आदित्य जम्भाले ने इस बार 'आर्टिकल 370' की कहानी से परोसा है। ये फिल्म प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी द्वारा हटाए गए धारा 370 के फैसले और इससे प्रभावित होने वाली चीजों को दिखती है। मूवी में यामी गौतम पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं।यामी गौतम की परफार्मेंस काफी पसंद की जा रही है। फिल्म के कलेक्शन में हर दिन बढ़ोतरी देखी जा रही है। पहले दिन 6.12 करोड़ और दूसरे दिन 9.08 करोड़ कमाने के बाद तीसरे दिन फिल्म ने 9.50 करोड़ की कमाई की है। मूवी का टोटल बिजनेस 22.80 करोड़ हो गया है।यामी गौतम की 'आर्टिकल 370' के आगे विद्युत जामवाल की फिल्म क्रैक का जादू फीका पड़ता नजर आ रहा है। ये फिल्म 10 करोड़ के ऊपर भी नहीं पहुंच पाई है।फिल्म में यामी गौतम के अलावा पीएम नरेंद्र मोदी के रोल में टीवी के 'राम' अरुण गोविल हैं। वहीं, अमित शाह की भूमिका किरण कर्मरकर ने निभाया है।कुछ दिन पहले अपने चुनावी भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिल्म 'आर्टिकल 370' का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था अब सच्चाई लोगों के सामने आएगी। पीएम के बयान पर यामी गौतम ने उन्हें थैंक्यू मैसेज ट्वीट किया था।

# यानी गौतम की एक्शन पॉलिटिकल आर्टिकल 370' के फैंस को लगा बड़ा झटका


**(आधुनिक समाचार नेटवक)**
**नई दिल्ली।** यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। पिछले दो दिन में फिल्म ने पर्दे पर ठीक ठाक कमाई भी कर ली है। 370 यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 दो दिन पहने यानी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज सिनेमा के लिए बड़ा झटका है। खाड़ी देशों में प्रतिबंध एक आश्चर्य के रूप में आता है, विशेष रूप से क्षेत्र के संपन्न पर्यटन उद्योग और वहां फिल्माई जा रही भारतीय फिल्मों की निरंतर उपस्थिति को देखते हुए। खाड़ी के मनोरंजन उद्योग में बॉलीवुड के योगदान और इसके सिनेमाघरों में भारतीय फिल्मों की पहुंच की कमी के बीच




हुई थी। वहीं फिल्म रिलीज के तीसरे दिन रविवार को मेकर्स और यामी के फैंस के लिए परेशान करने वाली खबर सामने आई। इस फिल्म को खाड़ी देशों में रिलीज करने से इनकार कर दिया गया है ।ऐसे में रविवार को मेकर्स और यामी गौतम के फैंस के लिए परेशान करने वाली खबर सामने आई है। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म को खाड़ी देशों में रिलीज करने से इनकार कर दिया गया है।ऐसे में रविवार को मेकर्स और यामी गौतम के फैंस के लिए परेशान करने वाली खबर सामने आई है। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म को खाड़ी देशों में रिलीज करने से इनकार कर दिया गया है।ये फिल्म कश्मीर घाटी के हालात को बयां करती नजर आ रही है। इतना ही नहीं 'आर्टिकल 370' को हटाने में किस तरह के प्रयास और जटिलताएं सामने आईं इसकी एक झलक भी देखने को मिल रही है। ऐसे में खाड़ी देशों में फिल्म 'आर्टिकल 370' को बैन कर दिया है। जो कहीं न कहीं हिंदी असमानता स्पष्ट है। भारतीय सिनेमा को इस क्षेत्र में एक समर्पित प्रशंसक आधार प्राप्त है। 'आर्टिकल 370' जैसी फिल्मों की अनुपस्थिति सेंसरशिप और सीमित सांस्कृतिक आदान-प्रदान की चिंताजनक प्रवृत्ति पर जोर देती है।पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 6.12 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं दूसरे दिन शानिवार को फिल्म ने 9.08 करोड़ की कमाई की है। कुछ मिलकार 'आर्टिकल 370' ने दो दिन में 15.20 करोड़ का बिजनेस किया है।

# जो सुशांत ने किया वो मैंने भी सालों बाद डार्क फेस पर छलका विवेक ओबरॉय का दर्द

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** विवेक ओबेरॉय हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बेहतरीन स्टार्स में से एक हैं। उन्होंने कई फिल्मों



में दमदार एक्टिंग कर अपनी एक अलग फैन फॉलोइंग बनाई है। विवेक अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी चीजें फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं।मस्ती कृष प्रिंस जैसी अनगिनत फिल्में कर चुके अभिनेता विवेक ओबेरॉय आज बॉलीवुड में अभी एक अलग पहचान बना चुके हैं। हाल ही में उनको वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में देखा गया था। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी बातें बताई है। एक्टर ने बताया है कि कैसे वह डार्क फेज में चले गए थे।अब हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में अपनी चुनौतियों के बारे में शेयर किया और बताया किया कि वह अपनी लाइफ में एक कठिन दौर से सफलतापूर्वक गुजरे हैं, जब उन्हें आसपास सब कुछ बिखरा हुआ लग रहा था।ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ हाल ही में बातचीत के दौरान विवेक ओबेरॉय से मेंटल हेल्थ के मुद्दों से निपटने के उनके अनुभव और वह उससे कैसे उबरने में कामयाब रहे इसके बारे में पूछा गया। इसके जवाब में विवेक ने कहा, 'मैं अपनी लाइफ में अंधेरे के किनारे पर था। मैंने भी सुशांत ने जो किया, वो करने के बारे में सोचा था। ये तब होता है जब आपकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में सब कुछ एक साथ खराब होने लगे'।इसके आगे विवेक ने कहा, 'जब कोई उस चरण में होता है, तो अपने दिमाग में तेजी से आगे बढ़ना बुद्धिमानी है। किसी को यह सोचना चाहिए कि अपने जीवन को समाप्त करने से उन लोगों को कितना दुख और दर्द होगा जो उनसे सच्चा प्यार करते हैं। ऐसे में वह खुद को भाग्यशाली मानते थे कि उनके पास एक घर और परिवार था जिसने उन पलों में उनका साथ दिया।

# शाहरुख खान के मैसेज पर अर्जून का आया रिएक्शन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के बच्चे भी किसी स्टार से कम नहीं हैं। उनके बेटे अयान और बेटी अरहा अक्सर सुर्खियां बटोर लेते हैं। हाल ही में, अभिनेता के बेटे अयान को बी-टाउन के बादशाह शाह रुख खान स्टारर फिल्म डंकी के गाने लुट पुट गया पर डांस करते हुए एक वीडियो बनाया था।ने हाल ही में अभिनेताकी फिल्म डंकी के गाने लुट पुट गया पर डांस किया था। वीडियो वायरल होने के बाद किंग खान ने अयान की तारीफ की थी और कहा था कि अब वह भी अपने बच्चों को पुष्पा के गानों पर डांस करवाएंगे। इस मैसेज के बाद अब अल्लू अर्जुन ने रिएक्ट किया है।क्लिप में अयान कार में मस्ती भरे अंदाज में शाह रुख खान के गाने लुट पुट गया पर डांस करते हुए नजर आए, साथ ही गाने को गुनगुनाते हुए भी दिखे। जैसे ही सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ, लोगों ने अल्लू अर्जुन के बेटे पर बहुत प्यार बरसाया। शाह रुख भी तारीफ करने से पीछे नहीं रहे।शाह रुख खान ने एक्स हैंडल (ट्विटर) पर अल्लू अर्जुन के बेटे अयान का वीडियो रीशेयर किया और साउथ एक्टर के लिए एक प्यारा मैसेज भेजा। ऐंख् ने लिखा, आपको धन्यवाद छोटे। आप फ्लोवर और फायर दोनों हैं। अब मैं अपने बच्चों को भी अल्लू अर्जुन के श्रीवल्ली (पुष्पा) के गाने की प्रैक्टिस करवाऊंगा। हा हा।ठशाह रुख खान के मैसेज से अल्लू अर्जुन खुशी के मारे गदगद हो गए। उन्होंने अभिनेता को विनम्र कहा। अल्लू अर्जुन ने ऐंख् के पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, शाह रुख जी, आप बहुत प्यारे हैं। आपके प्यारे मैसेज से विनम्र हूं। बहुत सारा प्यार।ठपुष्पा के ब्लॉकबस्टर होने के बाद दर्शकों को अल्लू अर्जुन की आगामी फिल्म पुष्पा 2 का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म इसी साल 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# छोटे मियान ने रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी की शादी में मचाया धमाल

**(आधुनिक समाचार नेटवक)**
**नई दिल्ली।**एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी की शादी का



बज फैंस के बीज काफी देखने को मिला। इस कपल ने गोवा के आईटीसी ग्रैंड होटल में ड्रीम वेडिंग रचाई।।क्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आने वाले है। हाल ही में ये स्टार निर्माता जैकी भगनानी और अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के विवाह समारोह में शामिल हुए था जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है ।भगनानी और सिंह परिवार के अलावा इस शादी में फिल्मी जगत की कई बड़ी-बड़ी हस्तियां शामिल हुई थी, जिसमें से एक थे अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ।अभिनेता अक्षय कुमार और जैकी श्रॉफ हाल ही में निर्माता जैकी भगनानी और अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के विवाह समारोह में शामिल हुए थे। इस ग्रैंड वेडिंग का नया वीडियो सामने आया है, जिसमे बड़े मियां और छोटे मियां दूल्हे राजा जैकी के गले लगकर बधाई देते दिखाई दे रहे हैं।इस मौके पर दोनों स्टार ऑल ब्लैक लुक में नजर आए। उन्होंने अपने लुक को ब्लैक शेड्स से एक्सेसराइज के साथ पूरा किया था। इस मौके पर अक्षय और टाइगर में बारात में डांस भी किया। वीडियो में दोनों स्टार की एक के डांस की एक छोटी सी झलक देखने को मिल रही है। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में पहली बार स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। फैंस दोनों को एक साथ देखने के लिए काफी उत्सुक हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के अलावा सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ भी हैं।ये फिल्म इस साल ईद के मौके पर रिलीज होगी। हाल ही में 'बड़े मियां छोटे मियां' के मेकर्स ने फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज किया है, जिसे फैंस का भरपूर प्यार मिल रहा है।

# कालापानी जेल की जिस सेल में 11 साल बंद रहे सावरकर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारत के क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता रहे विनायक दामादर सावरकर उर्फ स्वातंत्र्य वीर सावरकर की आज पुण्यतिथि है। इस खास मौके पर अभिनेता रणदीप हुड्डा ने भावुक होकर सावरकर को श्रद्धांजलि दी है।ने विनायक दामोदर सावरकर उर्फकी पुण्यतिथि पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में अभिनेता ने खुलासा किया है कि 11 साल तक सावरकर कालापानी की सजा के लिए जिस जेल में बंद थे वहां उन्होंने खुद को भी बंद किया था लेकिन वह 20 मिनट भी नहीं रह पाये थे।हाईवे' अभिनेता रणदीप हुड्डा, वीर सावरकर की बायोपिक में नजर आने वाले हैं। फिल्म में उन्होंने सावरकर की भूमिका निभाई है। इस किरदार को निभाने के लिए अभिनेता ने अपनी पूरी जान लगा दी। यहां तक कि उन्होंने सावरकर की जिंदगी को और करीब से महसूस करने के लिए कालापानी की जेल में खुद को बंद कर दिया था। सोमवार को वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर रणदीप हुड्डा ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया और बताया कि उन्होंने खुद को उसी जेल की 7 बाई 11 फुट की सेल में बंद कर दिया था, जहां 11 सालों तक सावरकर बंद रहे थे। हालांकि, अभिनेता 20 मिनट भी वहां टिक नहीं पाये। जेल की



सेल से अभिनेता ने कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं। फोटोज के साथ रणदीप हुड्डा ने कहा, आज भारत के सबसे महान सपूतों में से एक की पुण्यतिथि है।, जो नेता, निडर स्वतंत्रता सेनानी, लेखक, दार्शनिक और दूरदर्शी हैं। स्वातंत्र्यवीर सावरकर एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिनकी प्रचंड बुद्धि और साहस ने अंग्रेजों को इतना डरा दिया कि उन्होंने उन्हें दो जन्मों (50 वर्ष) के लिए कालापानी की इस 7 बाई 11 फुट की जेल में बंद कर दिया।रणदीप ने आगे कहा, ठउनकी बायोपिक की रेकी के दौरान मैंने खुद को इस कोठरी के अंदर बंद करने की कोशिश की ताकि महसूस कर सकूं कि उन पर क्या गुजरी होगी।

# कैनेडियम का ट्रेलर देख मुरीद हुईं प्रियंका चोपडा ऑस्कर नॉमिनेटेड डॉक्यूमेंट्री को लेकर कही ये बात

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की कैनेडियन फिल्ममेकर निशा पाहुजा के निर्देशन में बनी डॉक्यूमेंट्री टू किल अ टाइगर पिछले काफी समय से चर्चा में है। यह एकमात्र भारतीय डॉक्यूमेंट्री फीचर है, जो 96वें एकेडमी अवॉर्ड्स में नॉमिनेटेड है। 93वें एकेडमी अवॉर्ड्स यानी के लिए नॉमिनेटेड है। की डॉक्यूमेंट्री की टीम मेंभी शामिल हो गई हैं। वह डॉक्यूमेंट्री की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं। इसकी घोषणा होने के बाद एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर टू किल अ टाइगर का ट्रेलर जारी किया है और इसे अद्भुत बताया है। आप भी देखें।हाल ही में, टू किल अ टाइगर की टीम में 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा भी शामिल हुई हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर जारी किया है। टू किल




अ टाइगर के ट्रेलर की शुरुआत महिलाओं की असुरक्षा के बारे में ऐसे चुभने वाले सवाल से होती है, जो सदियों से उठते आ रहे हैं। इसमें कहा गया, जिस तरह महिलाओं के साथ लगातार उत्पीड़न के मामले सामने आ रहे हैं, हमें खुद से पूछना होगा कि क्या हमारे देश के बुनियादी ढांचे में कोई कमी तो नहीं इस ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे एक 13 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म किए जाने के बाद एक पिता आरोपियों और समाज के खिलाफ लड़ रहा है। लोग आरोपियों की गलती को नादानी बता रहे हैं और पिता की लड़ाई के खिलाफ खड़े होकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। एक पिता जो आरोपी के खिलाफ लड़ते हुए मन ही मन खौफ खा रहा है कि क्या होगा अगर किसी ने उसे मार दिया तो उनके बच्चों का क्या होगा। भय और शंका के बावजूद एक पिता अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए कैसे लड़ाई लड़ता है, डॉक्यूमेंट्री में इसी कहानी को बयां किया गया है।

# नहीं रहे 'कैप्टन मार्वल' फेम केनेथ मिशेल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** हॉलीवुड इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आ रही है। जाने-माने कनाडाई एक्टर केनेथ मिशेल का 49 साल की



उम्र में निधन हो गया है। वह पिछले पांच साल से एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस नामक गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। में जोसेफ का किरदार निभाकर मशहूर हुए एक्टर खहहूप् शून्पत्त् अब इस दुनिया में नहीं रहे। अभिनेता की फैमिली ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर इस दुखद जानकारी को साझा किया है। केनेथ पिछले पांच साल से एक गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। 24 फरवरी को वह इस बीमारी से जंग हार गए।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं
आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।